राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 4] ग्यारहवीं विधान सभा के चौथे सत्र का छठा दिवस [संख्या : 4

मंगलवार,

28 मार्च, 2000

राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री परसराम मदेरणा, अध्यक्ष, पदासीन)

सूचना

श्री महेन्द्र मीणा द्वारा आत्महत्या

श्री मदन दिलावर (अटरू) : माननीय अध्यक्ष महोदय, जयपुर को उजाड़ा गया है। (व्यवधान) और इससे महेन्द्र मीणा ने आत्महत्या कर ली है। (व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदय, न्यू सांगानेर रोड और....(व्यवधान) रोजी-रोटी छीन ली और उसको....(व्यवधान)

श्री जगत सिंह दायमा (बानसूर) : प्रश्न संख्या 62।

श्री रामस्वरूप (टोडामीम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा बिजली सम्बन्धी एक प्रश्न भी इसमें लगा हुआ है। माननीय विद्युत मंत्रीजी विराजमान हैं, आप इस बात की भी कन्फर्म घोषणा करें कि आपने सूरतगढ़ वाले विद्युतघर के बारे में क्या किया। सूरतगढ़ बिजलीघर को चालू कर रहे हो कि नहीं कर रहे हो, इस बारे में मेरा भी क्वेश्चन लगा हुआ है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा भी क्वेश्चन लगा हुआ है बिजली के बारे में। इस सूरतगढ़ वाले बिजलीघर का आप जरूर करिये। मैं निवेदन कर रहा हूं कि सूरतगढ़ बिजलीघर को चालू करना चाहते हो कि नहीं करना चाहते हो आप। इकाई बन्द पड़ी है। (व्यवधान) इस समय किसानों पर संकट चल रहा है इसलिए मेहरबानी करके आप सूरतगढ़ बिजलीघर के लिए जरूर कहें। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। श्री जगत सिंहजी।

श्री मदन दिलावर : जो अपने बच्चों को भूखे नहीं देख सकते और उसने कुएं में कूद कर आत्म-हत्या कर ली। माननीय अध्यक्ष महोदय, जिन्होंने इन थड़ियों को हटाया है उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दायर किया जाए। (व्यवधान)

सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन की द्वितीय इकाई का शुभारम्भ

डा. चन्द्रभान (ऊर्जा मंत्री) : माननीय अध्यक्ष महोदय, यदि आपकी इजाजत हो तो मैं इस सदन को एक महत्वपूर्ण सूचना देना चाहता हूं (व्यवधान) सूरतगढ़ की सैकिण्ड यूनिट, 250 मेगावाट को आज सवेरे 7.25 बजे प्रारम्भ कर दिया गया है। सभी कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गये हैं। (व्यवधान)

श्री मदन दिलावर : माननीय अध्यक्ष महोदय, आत्महत्या कर ली है। (व्यवधान) इसके 3 मासूम बच्चे हैं। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : आप सुनने दीजिए, बिजली का बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। किसानों का मामला है। माननीय अध्यक्ष महोदय, सुनने नहीं देते हैं, किसानों का महत्वपूर्ण मामला है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : अव्यवस्था मत फैलाइये। आप बैठिये, आप अव्यवस्था फैला रहे हैं। आप विराजिए।

श्री रामस्वरूप : सूरतगढ़ बिजलीघर चालू होने जा रहा है, किसानों को बिजली का फायदा मिलेगा और ये बिजली पर बोलने नहीं देते हैं। ये डिस्टर्ब कर रहे हैं। माननीय विद्युत मन्त्रीजी, आप दुबारा घोषणा करिये। हमने सुना नहीं इनके डिस्टर्बेंस में।

श्री अध्यक्ष : श्री मदन दिलावर, अव्यवस्था मत फैलाइये। श्री जगत सिंह दायमा।

श्री जगत सिंह दायमा : प्रश्न संख्या 62।

श्री रामस्वरूप : आज बिजली का महत्वपूर्ण मामला है। +++ बिजली का महत्वपूर्ण मसला है। सूरतगढ़ बिजली घर की घोषणा कर रहे हैं मंत्रीजी। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (चूरू) : अध्यक्ष महोदय, यह संवेदनशील कहलाने वाली सरकार है। (व्यवधान)

डा. चन्द्रभान : अध्यक्ष महोदय, सूरतगढ थर्मल पावर स्टेशन की पहली स्टेज के सैकण्ड यूनिट को आज सवेरे साढ़ें सात बजे प्रारम्भ कर दिया गया है। (व्यवधान) जो काम ये लोग 10 साल तक नहीं कर पाये उस काम को इस सरकार ने 20 महीने और 15 दिन में कर दिया है। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने सूरतगढ़ विद्युतघर के बारे में घोषणा की है कि सूरतगढ़ बिजलीघर को चालू कर दिया गया है। (व्यवधान) ये लोग किसानों के दुश्मन है।

डा. चन्द्रभान : यह रिकार्ड बना है पहली बार। यह इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। क्या बात करते हो, आप सुनना नहीं चाहते हैं। आप बिजली के उत्पादन की अच्छी खबर सुनना नहीं चाहते हैं।

श्री रामस्वरूप : सूरतगढ़ बिजलीघर चालू होने की घोषणा कर दी गयी है। सूरतगढ़ बिजलीघर चालू हो गया है। (व्यवधान)

डा. चन्द्रभान : अध्यक्ष महोदय, यह आल इण्डिया रिकार्ड है। 20 महीने और 15 दिन में इस यूनिट को चालू करना, इतनी लागत में बचत हुई है। (व्यवधान) और राजस्थान में ढाई सौ मेगावाट की यूनिट, इस सरकार ने 20 महीने और 15 दिन में प्रारम्भ कर दी। पहली यूनिट को यह सरकार 10 साल में भी कम्पलीट नहीं कर पाई थी। (व्यवधान) इस सैकण्ड यूनिट को 20 महीने और 15 दिन में आज सवेरे 7.25 पर प्रारम्भ कर दिया। आज इस

+++अभिव्यक्ति अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अपलोपित की गयी।

(डा. चन्द्रभान)

सदन को हमारे इंजीनियरों को बधाई देनी चाहिए, धन्यवाद देना चाहिए। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : +++ सूरतगढ़ बिद्युतघर चालू करने पर साधुवाद।+++

श्री अध्यक्ष : श्री मदन दिलावर, आप बैंच पर खड़े हो रहे हैं, मुझे आपका नाम पुकारना पड़ेगा।

श्री मदन दिलावर : +++

अनेक माननीय सदस्य : +++

(भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

(सत्तापक्ष के सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

श्री जगत सिंह दायमा (बानसूर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह दूसरा सवाल मनुवादियों का सवाल आ रहा है और यह बी.एस.पी. का पहला क्वेश्चन है और इस तरीके से इनकी कोई हमदर्दी किसानों के साथ नहीं है। (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में आकर के नारेबाजी)

(सत्तापक्ष के सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

डा. चन्द्रभान : अध्यक्ष महोदय, इनको पता था कि आज यह घोषणा सदन में होने वाली है इसलिये ये जान-बूझकर हाउस को चलने नहीं दे रहे हैं। (व्यवधान) आप किसानों के दुश्मन हो। आप जान-बूझकर +++ आप जवाब दो। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष महोदय, +++ (व्यवधान)

सुश्री मीनाक्षी चन्द्रावत : अध्यक्ष महोदय, +++ (व्यवधान)

एक माननीय सदस्या : अध्यक्ष महोदय, +++

श्री रामस्वरूप : +++ इन्होंने कपड़े फाड़ दिये हैं। +++

श्री हेमन्त कुमार (दीगोद) : अध्यक्ष महोदय, +++

श्री अध्यक्ष : प्रतिपक्ष के नेता, आप माननीय सदस्यों को नियंत्रण में रखें।

एक माननीय सदस्य : माननीय अध्यक्ष महोदय, इनको हास्पिटल में भर्ती कराओ।

श्री हेमन्त कुमार : +++

श्री मोहन लाल मोदी : +++ (व्यवधान)

श्री हेमन्त कुमार : +++ डाक्टर को बुलवाइये।

एक माननीय सदस्य : माननीय सदस्य को मिर्गी हो गयी है। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : सूरतगढ़ बिजलीघर को चालू करने के लिए. (व्यवधान)

+++नारेबाजी/अभिव्यक्ति अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अपलोपित की गयी।

(सत्तापक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन के वैल में नारेबाजी जारी)

(सत्तापक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी जारी)

श्री अध्यक्ष : अंकित नहीं हो।

श्री बाबूलाल नागर : X X X

श्रीमती मधु दाधीच : X X X

श्री अध्यक्ष : अंकित नहीं हो। अंकित नहीं हो। अंकित नहीं हो, आप बैठिये। प्रतिपक्ष के नेता। अंकित नहीं हो। अंकित नहीं हो, अंकित नहीं हो। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : X X X

श्री अध्यक्ष : अंकित नहीं हो। कोई भी असंसदीय शब्द जो है, वह भी अंकित नहीं हो।

श्री रामस्वरूप : X X X

श्री जगत सिंह दायमा : X X X

श्री महेन्द्र कुमार मीणा : X X X

श्री हेमन्त कुमार : X X X

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज, आर्डर, आर्डर। सुना नहीं गया, आप बैठिये। प्रतिपक्ष के नेता हैं, उनसे कह रहा हूं कि.... (व्यवधान)

(भाजपा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री कय्यूम खान : X X X

श्री संयम लोढ़ा : X X X

श्री घनश्याम जैन : X X X

श्री खेतसिंह राठौड़ : X X X

श्रीमती कमला बृजलाल : X X X

(भाजपा एवं सत्ता पक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी)

श्री जगत सिंह दायमा : X X X

श्री रघुवीर सिंह (सराड़ा) : X X X

श्री देबीलाल बैरवा : X X X

श्री बृजेन्द्र सिंह सूपा : X X X

श्री अध्यक्ष : आर्डर आर्डर। माननीय सदस्य, बैठिये, मैं बोल रहा हूं।

(व्यवस्था-सूचक घण्टी)

श्री जगत सिंह दायमा : X X X

श्री रामस्वरूप : X X X

श्री अध्यक्ष : सदन की बैठक आज 12.00 बजे तक के लिये स्थगित की जाती है।

(तारांकित/अतारांकित प्रश्नोत्तर के लिए कृपया परिशिष्ट देखें)

(तदनन्तर सदन की बैठक 12.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

X X X अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया।

(पुनः समवेत होने पर)

(12.00 बजे)

(श्री देवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष, पदासीन)

स्थगन प्रस्तावों पर अध्यक्षीय व्यवस्था

श्री उपाध्यक्ष : मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों की सूचना प्राप्त हुई है :—

(1) श्री सुरेन्द्र व्यास, सदस्य की ओर से राज्य कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन नये सिरे से तैयार करने एवं भ्रष्ट कर्मचारियों की सूची बनाने के मुख्य मंत्री के कथित वक्तव्य से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में।

(2) श्री मदन दिलावर, सदस्य की ओर से बारां जिले की तुलसा परवन लिफ्ट सिंचाई परियोजना से किसानों को पानी उपलब्ध करवाये जाने के सम्बन्ध में।

(3) प्रो. सांवर लाल, सदस्य की ओर से राजस्थान में बागरिया जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के सम्बन्ध में।

(4) डा. किरोड़ी लाल, सदस्य की ओर से जिला सवाईमाधोपुर के थाना बेहराबंडा के दो किसानों सहित अनेक लोगों के अपहरण एवं फिरौती की कथित घटना के सम्बन्ध में।

(5) श्री गुलाब चन्द कटारिया एवं 12 अन्य सदस्यों की ओर से अतिक्रमण हटाने के अभियान "आपरेशन पिंक" के नाम पर वैध मकानों को तोड़े जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में।

उपरोक्त स्थगन प्रस्तावों पर राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त की जा रही है और जानकारी प्राप्त होने पर निर्णय लिया जावेगा।

श्री सुरेन्द्र व्यास : आप जानकारी प्राप्त कर रहे हो, सर ?

(भाजपा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : सदन की कार्यवाही 12 बज कर 35 मिनट तक स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 12.35 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)

(पुनः समवेत होने पर)

(12.35 बजे)

(श्री देवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष, पदासीन)

(भाजपा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन के वैल में धरना व नारेबाजी)

स्थगन प्रस्ताव आदि पर चर्चा

श्री उपाध्यक्ष : यह अंकित न हो।

श्री राजेन्द्र पारीक (सीकर) : आप अपने स्थान पर जाकर बोलिए।

श्री खेतसिंह राठौड़ (विधि मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय के चैम्बर में यह बात तय हुई थी कि विपक्ष के नेता महोदय खड़े होकर यह निवेदन करेंगे कि महेन्द्र मीणा....

श्री उपाध्यक्ष : अपने स्थान पर जाकर बिराजो तो ठीक रहेगा, आपके लीडर बोल रहे हैं। माननीय सदस्य, आप अपने स्थान पर बिराजो, आपके लीडर बोल रहे हैं। आप संतुष्ट नहीं हैं तो वापस आ जाना, जब तक आपके लीडर बोले तब तक आप अपने स्थान पर बिराजो।

श्री खेतसिंह राठौड़ : पहले विपक्ष के नेता बोल रहे हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता, प्रतिपक्ष): सुन लेंगे, सुन लेंगे।

श्री खेतसिंह राठौड़ : अब यह कण्ट्रोल में नहीं हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : हां, बिलकुल सही है, आप बहुत पहचानते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, आज विधान सभा आरम्भ होते ही हमने महेन्द्र मीणा की हत्या के प्रश्न को लेकर यहां प्रोटेस्ट किया था। आप जानते हैं कि आपरेशन पिंक में सोडाला क्षेत्र में दुकानें, थड़ियों और मकानों को तोड़ा गया। इसमें एक महेन्द्र मीणा

श्री जनार्दन गहलोत (करौली) : उपाध्यक्ष महोदय, हम विरोधी दल के नेता से सुनना जरूर चाहते हैं लेकिन यह भी बात सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि यह भी सरकार का जवाब सुनेंगे। यह भी एश्योर कर लें, क्योंकि बाद में भाग जाएंगे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : सुनेंगे, सुनेंगे।

श्री खेतसिंह राठौड़ : विपक्ष के नेता महोदय ने कहा कि सुनेंगे। तो सुनेंगे न ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : सरकार ही नहीं, आप बोलेंगे वह भी सुनेंगे, सरकार को तो जाने दीजिए।

श्री शिवनाथ सिंह (गुढ़ा) : उपाध्यक्ष जी, विपक्ष के नेता सदन में बहुत सम्माननीय सदस्य हैं और पूरा सम्मान जो सदन के नेता को हम देते हैं, उतना ही सम्मान हम प्रतिपक्ष के नेता महोदय को देते हैं। आज प्रतिपक्ष के नेता महोदय ने कहा कि जो भी सरकार का जवाब होगा, हम उसे सुनेंगे। इन परिस्थितियों में माननीय सदन के उप नेता जो प्रतिपक्ष के नेता महोदय हैं, उनके सम्मान को ध्यान में रखते हुए हम नहीं चाहते कि उनके सम्मान को कोई ठेस पहुंचे इसलिए माननीय प्रतिपक्ष के नेता महोदय से मेरा निवेदन है कि आप अपनी पार्टी के सदस्यों को अपनी-अपनी सीटों पर भिजवाइए और फिर कोई संतोष न हो तो उस वक्त आप इनकी टीम को वापस ला सकते हैं। इसलिए अच्छा होगा, क्योंकि हम आपका सम्मान करना चाहते हैं और आपकी पार्टी के सदस्य आपका सम्मान न करें, यह हमको पीड़ा देता है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : उपाध्यक्ष महोदय, गुढ़ा से आने वाले माननीय सदस्य ने जो बात कही, यह हाउस में आज पहली बार नहीं हुआ है।

श्री राजेन्द्र पारीक (सीकर) : यह +++ तो पहली बार हुआ है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इस हाउस में मैंने ऐसे भी दृश्य देखे हैं कि अध्यक्ष महोदय बीच में नहीं पड़ते तो एक सार्जेण्ट की कांग्रेस

+++शब्द अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

पार्टी के लोग हत्या कर देते। उसके कपड़े फाड़ दिये।

श्री शैलेन्द्र जोशी (चांदीकुई) : आपकी पार्टी के लोगों ने किया था, हमारी पार्टी ने नहीं किया था। (व्यवधान) भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने ही किया था।

एक माननीय सदस्य : जब सत्ता पक्ष में थे तब इन्होंने ही किया था यह काम। (व्यवधान)

श्री महेश जोशी (उप मुख्य सचेतक) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय प्रतिपक्ष के नेता महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्होंने—(व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह रावत (भीम) : प्रतिपक्ष के नेता महोदय, जो वरिष्ठ हैं, हम आपका सम्मान करते हैं, लेकिन आप आरोप नहीं लगायें, यह आपको शोभा नहीं देता। (व्यवधान)

श्री रामस्वरूप : माननीय विपक्ष के नेता महोदय विराजमान हैं, आप कहते हैं सदन में किसी के प्रति ऐसा काम नहीं हुआ। आपके समय में क्या हुआ था? आपने तो हमारी टांगें तुड़वाई थीं और आप उधर बैठे थे मुख्य मंत्री बन कर, उस समय इसी सदन के अन्दर जब हम किसानों के लिये बिजली की मांग कर रहे थे आपने हमारी टांग को तुड़वाया था इस सदन के अन्दर और आप कहते हैं यहां कभी ऐसा हुआ ही नहीं। आपके समय में क्या-क्या हुआ? वो हुआ जो आज तक इतिहास में नहीं हुआ। वो आपके टाइम में हुआ। यह किसानों की मांग करने पर हुआ।

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर।

श्री लक्ष्मण सिंह रावत : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज जो श्रीमान मदन दिलावर जी हैं उन्होंने यहां मंत्री रहते हुए क्या कृत्य किये थे वे किसी से छिपे नहीं हैं। गोपीचंद गुर्जर की विधान सभा के अन्दर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने यहीं पर हमारी आंखों के सामने पिटाई की है। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। (व्यवधान) माननीय विपक्ष के नेता महोदय, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि सदन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आप अपने सदस्यों को आसन ग्रहण कराइए। आप बोलिए, उसके बाद संतुष्ट न हों तो ये वापस आ जाएंगे। आप बोलें तब तक तो हाउस की गरिमा बनी रहे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं हाउस की गरिमा रखूंगा।

श्री उपाध्यक्ष : इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इनको आप अपने स्थान पर भेजें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं सरकार का उत्तर सुनूंगा और उत्तर सुनने के बाद में हमारी पार्टी यह फैसला करेगी कि करना क्या है।

श्री उपाध्यक्ष : इसलिए जब तक तो बिठाइए।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : नहीं, बैठे रहने दीजिए, क्या आपत्ति है। आपत्ति क्या है? (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

(सत्ता पक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : अंकित नहीं हो।

श्री हरचन्द सिंह सिद्धू : × × ×

श्री जनार्दन गहलोत : × × ×

श्री जुगल काबरा : × × ×

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

(सत्ता पक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर माननीय सदस्य। (व्यवधान) माननीय सदस्य।

श्री रामस्वरूप : × × ×

श्री महेन्द्र मीणा : × × ×

श्री जनार्दन गहलोत : × × ×

श्री महेश जोशी : × × ×

श्री उपाध्यक्ष : प्लीज। हां बिराजें। (व्यवधान) माननीय दिलावर जी।

श्री सुरेन्द्र व्यास (मालपुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने आपको निवेदन किया है:... (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। बिराजिए प्लीज। आप बिराजें। (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र व्यास : उपाध्यक्ष महोदय, सदन को पहले यह जानकारी होना आवश्यक है कि तथ्यात्मक स्थिति क्या है। मेरी विनम्र प्रार्थना प्रतिपक्ष के नेता महोदय से यह है कि आपने एक इश्यू उठाया, अब आपने सीधा प्रोटेस्ट चालू कर दिया, हाउस में डिसआर्डर क्रिएट कर दिया। हम लोग पहले यह जानना चाहते हैं पहले मंत्रीजी का वक्तव्य आए, आप क्लेरीफिकेशन सीक करें। अगर उनका वक्तव्य आता है, जो तथ्यात्मक जानकारी से अलग हटकर है तो आप सदन के सामने तथ्य प्रस्तुत करें, लेकिन अब हम उससे बिलकुल अनभिज्ञ हैं। तो पहले मिनिस्टर का स्टेटमैंट हो जाए उसके बाद हो। इसलिए पहले मिनिस्टर का स्टेटमैंट आ जाए और उसके बाद नेता महोदय अपना वर्जन रखें और आपने जो आदेश दिया ...

श्री उपाध्यक्ष : नहीं-नहीं, ऐसा नहीं है।

श्री सुरेन्द्र व्यास : सरकार का स्टेटमैंट आ जाए।

श्री उपाध्यक्ष : पहले आपकी डिमाण्ड क्या है यह पता पड़े तो स्टेटमैंट देगी सरकार। किस पर दें स्टेटमैंट ?

श्री सुरेन्द्र व्यास : मिनिस्टर....

श्री उपाध्यक्ष : इश्यू क्या है स्टेटमैंट में ? What is the issue ? स्टेटमैंट किस पर दें ?

श्री सुरेन्द्र व्यास : यहीं तो अतिक्रमण वाला चल रहा है।

श्री उपाध्यक्ष : अतिक्रमण का नहीं है, यही तो प्राब्लम है। अतिक्रमण का नहीं है।

× × × अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया।

श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत : अतिक्रमण का इश्यू नहीं है। एक ही इश्यू है हाउस को नहीं चलने देंगे। (व्यवधान)

श्री महेन्द्र मीणा : उपाध्यक्ष महोदय, बी.जे.पी. को होश भी आया तो बहुत देर से आया और पूरा नहीं आया।

एक माननीय सदस्य : इन्होंने घोषणा की थी कि हम विधान सभा का घेराव करेंगे तो पांच लाख आदमी लाएंगे। आदमी कम आये, इश्यू यह है। इसलिए असलियत का तो पता लगा। आदमी कम आये।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप शायद हाउस में नहीं थे, यह इश्यू अतिक्रमण का नहीं है।

श्री जगत सिंह दायमा : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं जो आचरण भारतीय जनता पार्टी ने किया (व्यवधान) पहले मेरी बात तो सुनें। (व्यवधान) सुनो तो सही मेरी बात को। आप ऐसे करोगे तो अकेले पड़ जाओगे। पाकिस्तान की तरह अकेले पड़ जाओगे आप। ऐसा मत करो। मैं जो कहना चाहता हूं वह सुनिए आप। मैं यह कहना चाहता हूं कि विपक्ष में हम भी हैं, परन्तु आज माननीय भैरोंसिंह जी शेखावत साहब ने ऐसा व्यवहार यहां पर किया कि हमको कांफिडेंस में लिया ही नहीं और अकेले जैसे बी.जे.पी. ही विपक्ष है, या तो आप कह दें हम जो 10-11 हैं विपक्ष के नहीं हैं। (व्यवधान) मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें जो आपने मुद्दा रेज किया है वह मुद्दा ही पता नहीं है। पहले माननीय प्रतिपक्ष के नेता को उस मुद्दे को रखना चाहिए था और रख कर हमें जानकारी देते। यह सब कुछ हो गया, एकदम से कह दिया हल्ला करो, हल्ला करो। यह कोई बात थोड़े ही है इस तरीके की। यह कोई शोभा की बात नहीं थी। आप पहले अपनी बात रखते और फिर सरकार से पूछते और सरकार नहीं मानती तो हम भी साथ हैं आपके इस मामले में। कोई ऐसी बात नहीं है, क्योंकि पिछड़े वर्ग के व्यक्ति ने आत्म हत्या की है, क्या कारण रहे, क्या नहीं कारण रहे। बी.एस.पी. जो हमारी पार्टी है, वह भी पिछड़े वर्ग की, दलित वर्ग की है। आज आप हंस रहे हो। जिन लोगों ने आपको वोट दिये हैं उनकी जब मैं बात करता हूं, आप इसलिए हंस रहे हो कि हम संख्या में कम हैं। स्वामी विवेकानन्दजी ने यह कहा था कि पहले जो काम आप शुरू करोगे उसके ऊपर लोग हंसेंगे, फिर जब आप थोड़े से ताकतवर बनोगे तो लोग-बाग आपकी आलोचना करेंगे और तीसरी स्टेज आयेगी जब आप और ताकत में आओगे तो लोग-बाग आपकी जय बोलेंगे और आपका सम्मान करेंगे। आज हम मानते हैं इस बात को कि बी.एस.पी. को, राष्ट्रीय जनता दल को डेढ़ दो साल हुए हैं, हम आज जो भी बात कहते हैं, हम खूब समझते हैं, आप हंसते हो। और सबसे बुरी बात तो यह है कि मेरे दलित वर्ग के लोग, आप लोग मनुवादी विचारधारा के हो, हंसते हो, +++ मैं आप लोगों के लिए लड़ता हूं। आज यह जो भाई हमारा मरा है, आत्महत्या की है मीणा भाई ने, जो एस.टी. का है और उसके परिवार के साथ में हमारी पूरी सहानुभूति है, हमदर्दी है। ऐसी बात नहीं होनी चाहिए, प्रतिपक्ष के नेता को हम

+++अभिव्यक्ति अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अपलोपित की गयी।

(श्री जगत सिंह दायमा)

लोगों से यह पूछना चाहिए था। आप अकेले बी.जे.पी. के ही कारण प्रतिपक्ष के लीडर नहीं हैं, हम भी हैं। तो आप पहले बताते। इश्यू को आप रेज करते, बजाय कपड़े फड़वाने के। यह तो कोई बात नहीं हुई। आप बतायें इस बात को और फिर हम भी अपने विचार रखते और सरकार इसको नहीं मानती है तो हम आपकी मदद करेंगे।

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर।

श्री श्रवण कुमार (पिलानी) : उपाध्यक्ष महोदय, उसने आत्महत्या की हैं, कैसे प्रमाणित हो सकता है कि उसने किस मामले में हत्या की है? हो सकता है कि उसकी बीवी के साथ झगड़ा हो गया होगा, कर्जे में दब गया होगा और किस कारण से आज हिन्दुस्तान में कितने लोग मरते हैं। यह कैसे मान सकते हो? इस बात को लेकर आपने खड़ा कर दिया।

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर। (व्यवधान)

श्री श्रवण कुमार : आपने एक मुद्दा उठा लिया, आत्महत्या की है, आत्महत्या की है। (व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत : +++ (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर, माननीय सदस्य।

श्री श्रवण कुमार : आत्महत्या का कारण क्या है... (व्यवधान) कोई रेकार्ड है क्या आपके पास ?

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य।

श्री श्रवण कुमार : राजस्थान के इतिहास में हमारे मुख्य मंत्री जी ने जो अतिक्रमण हटवाए उससे आपको तकलीफ हो रही है। जो भू-माफिया गिरोह था वह आपसे मिला हुआ था, इस बात को लेकर आप यह कर रहे हो। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आर्डर, आर्डर माननीय सदस्य। (व्यवधान)

श्री श्रवण कुमार : हमें विश्वास है और यह मुद्दा खतम हो जाएगा और अतिक्रमण हटेंगे और हटेंगे। यही मैं कहना चाहता हूं। (व्यवधान) आप लोगों ने खूब कराया हैं अतिक्रमण। आज हमारे प्रतिपक्ष के नेता कह रहे हैं ... (व्यवधान) आपको कैसे मालूम हुआ ? तकलीफ बहुत हो रही है। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय प्रतिपक्ष के नेता महोदय आप बोलना चाहते हैं? (व्यवधान) बोलिये। आर्डर, आर्डर, माननीय सदस्य, बिराजें।

श्री शैलेन्द्र जोशी : माननीय सदस्यों को स्थान ग्रहण करवाइये आप।

श्री जगत सिंह दायमा : माननीय सदस्य तो नीचे बैठेंगे। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप तो बोलेंगे, वो बोलेंगे।

+++अभिव्यक्ति अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार अपलोपित की गयी।

श्री जनार्दन गहलोत : उपाध्यक्ष महोदय, ऐसी परम्परा कभी नहीं रही। यह बोलेंगे उससे पहले सदस्यों को सीटों पर बिठा दो। (व्यवधान)

श्री मोहन लाल मोदी : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, ऐसा कभी नहीं हुआ है कि प्रतिपक्ष के नेता बोलना चाहते हैं और उनसे सदस्य नीचे बैठे हों। (व्यवधान) पुराना सारा रिकार्ड निकाल लीजिये।

श्री खेमराज कटारा : इनके सदस्य नेताओं की बात नहीं मान रहे हैं। (व्यवधान)

श्री बृजेन्द्र सिंह सूपा : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, हम उनका सम्मान कर रहे हैं, उनकी पार्टी के लोग सम्मान नहीं कर रहे हैं। (व्यवधान)

श्री जनार्दन गहलोत : हम उनका सम्मान करने के लिए बैठे हुए हैं। वे भी बैठें, उनकी बात सुनें।

श्री उपाध्यक्ष : वे नहीं चाहते उनका सम्मान करना तो क्या करो आप।

श्री जगत सिंह दायमा : करौली से आने वाले माननीय सदस्य, आप ऐसा न समझें कि वह उनका कहना नहीं मान रहे हैं। ऐसा नहीं है। आप माननीय भैरोंसिंह जी को इतना कमजोर न समझें कि उनके कहने के बावजूद भी यह सीट पर नहीं बैठ रहे हैं, ऐसा नहीं है। मैं भी उनका चेला रहा हूं। माननीय भैरोंसिंहजी अगर चाहें तो एक बार यों करें तो सारे बैठ जाएं। ऐसा नहीं है।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय जगत सिंह जी।

श्री जगत सिंह दायमा : परन्तु आप कर नहीं रहे हैं।

श्री जनार्दन गहलोत : आज कल विपक्षी दल के नेता महोदय की अंगुली पर मत चलो।

श्री जगत सिंह दायमा : आप गलतफहमी में मत रहो।

श्री जनार्दन गहलोत : वह जमाना गया जो अंगुली पर चलते थे।

श्री रतन लाल ताम्बी : जब पहले आप साथ थे तब ऐसा मानते थे, अब नहीं मानते हैं।

श्री जगत सिंह दायमा : माननीय भैरोंसिंह जी की अपनी पार्टी पर उतनी ही पकड़ है जितनी पहले थी परन्तु यह मन से नहीं कर रहे हैं, मन से कहते ही आ जाएंगे सब। (व्यवधान)

श्रीमती कमला (सिंचाई मंत्री) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जब माननीय प्रतिपक्ष के नेता महोदय का वक्तव्य उनकी पार्टी ही सुनना नहीं चाहती और प्रोटेस्ट कर रही है और इस प्रोटेस्ट में धरना देकर बैठी है तो उनके वक्तव्य देने का क्या अर्थ रह गया? इसका कोई मतलब ही नहीं है।

श्री अमराराम (धोद) : उपाध्यक्ष महोदय, यह प्रतिपक्ष के नेता महोदय का विरोध करने के लिए नहीं बैठे हुए हैं। (व्यवधान)

श्रीमती कमला : वक्तव्य के वक्त पर बैठे हैं तो फिर विरोध ही हो गया।

श्री अमराराम (धोद) : सदन के सामने सवाल है, महेन्द्र मीणा जो यहां फुटपाथ पर अपना व्यवसाय करता था, उसका व्यवसाय हटाने के कारण आहत होने से उसने आत्महत्या की है।

श्री राजेन्द्र पारीक : तो आप भी धरने पर बैठो।

श्री अमराराम (धोद) : वह आपको पूछकर बैठूंगा क्या ? उपाध्यक्ष महोदय, जब गरीबों को उजाड़ा जा रहा था, आज से 25 दिन पहले सबसे पहले आपरेशन पिंक.....

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, यह क्या इश्यू है ?

श्री अमराराम (धोद) : नहीं, इसी इश्यू पर बोल रहा हूं।

श्री उपाध्यक्ष : नहीं-नहीं, (व्यवधान) यह कोई इश्यू ही नहीं है। अभी हाउस में ही नहीं है कोई बात। नहीं, आप बिराजें, प्लीज। (व्यवधान)

श्री अमराराम (धोद) : 25 दिन पहले जब इस राजधानी में फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को उजाड़ा जा रहा था, बुलडोजर चलाया जा रहा था, कांग्रेस चला रही थी, एक भी भारतीय जनता पार्टी का नेता चुप था। मैं प्रतिपक्ष के नेता महोदय के वह शब्द सुनाना चाहता हूं जो अपने भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में इन्होंने कहे थे। जब गरीब उजाड़ा जा रहा था तो कोई नेता नहीं बोल रहा था, जब गरीब राजधानी में उजाड़े जा रहे थे भारतीय जनता पार्टी के एक भी नेता के शब्द मुंह पर नहीं आ रहे थे लेकिन जब बड़े-बड़े लोगों को भू-माफियाओं को उजाड़ने लगे तो भारतीय जनता पार्टी भी उद्वेलित है, कांग्रेस के नेता भी अन्दर ही अन्दर उद्वेलित हैं कि यह आपरेशन पिंक नहीं चलाया जाए। वरना हिम्मत है तो सारे बड़े-बड़े लोगों ने, जिन्होंने जयपुर में कब्जे किये हैं अवैध, उनको तोड़ा जाए। लेकिन उनको एक को भी नहीं तोड़ा गया। उन गरीबों की रोजी-रोटी को उजाड़ा गया है जिसके कारण से आज एक महेन्द्र मीणा ने आत्महत्या की है। आने वाले दिनों में सैकड़ों ऐसी आत्महत्याएं होंगी क्योंकि आज झूठे बयान राज्य सरकार के मंत्री की ओर से आते हैं कि जिनको उजाड़ा है उनको रिहेबिलिटेट कर दिया गया है, 800 लोगों को कियोस्क दे दिये गये हैं। लेकिन आज तक उजड़े हुए लोगों में से एक का भी रिहेबिलिटेशन नहीं किया गया है। हो रहा यहां तक है, उपाध्यक्ष महोदय, पांच रुपये का फार्म ढाई सौ और पांच सौ रुपये में इनका नगर निगम में बिक रहा है। उन गरीबों को केवल उजाड़ा ही नहीं गया और लूटा जा रहा है। उनको लूटा जा रहा है। तो जो महेन्द्र मीणा आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुआ है सरकार की गलत नीतियों के कारण। आज सरकार कह रही है कि हम इस पर विचार करेंगे और जो उजाड़े हैं उनको बसाने की योजना बाद में बनायेंगे।

एक माननीय सदस्य : उपाध्यक्ष महोदय, पारिवारिक परिस्थितियों के कारण महेन्द्र मीणा ने आत्महत्या की है न कि उनको उजाड़ने के कारण। पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उसने आत्महत्या की है। इस बात का राजनीतिकरण किया

(एक माननीय सदस्य)

जा रहा है जबकि यह लोक कल्याणकारी राजस्थान की कांग्रेस सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति की रक्षक है। उसने पारिवारिक परिस्थितियों के कारण से आत्महत्या की है।

(13.00 बजे)

श्री अमराराम (धोद) : यह जो सवाल रखा गया है, महेन्द्र मीणा ने जो मजबूरी के कारण आत्महत्या की है उसके परिवार को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और वापस उसके परिवार को बसाया जाए। सरकार की तरफ से यह घोषणा की जानी चाहिए। इसके अलावा जितने भी उजाड़े गये हैं, जो कि फुटपाथ पर बैठकर अपने परिवार की आजीविका चला रहे थे उनके लिए भी यह सरकार आश्वस्त करे कि उनको 15 दिन के अन्दर वापस रोजी-रोटी के लिए तैयार करेगी।

श्री उपाध्यक्ष : विराजिये प्लीज। माननीय प्रतिपक्ष के नेता, आप बोलना चाहते हैं? आपके सदस्यों को यदि आप वहां बिठाना चाहते हैं तो बोलिये।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मुझे यह बता दीजिये कि ये सदस्य अगर यहां बैठे रहें और आप मुझे बोलने की इजाजत नहीं देंगे?

श्री उपाध्यक्ष : नहीं देंगे।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : नहीं देंगे तो फिर हो गया।

सदन पटल पर रखे गये पत्रादि

अधिसूचनाएं

शिक्षा विभाग

श्री उपाध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी।

श्री सी. पी. जोशी (शिक्षा मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, शिक्षा विभाग की निम्नांकित अधिसूचनाएं सदन की मेज पर रखता हूं :—

(1) अधिसूचना संख्या प. 24(4) शिक्षा-6/94 दिनांक 2.11.99 एवं अधिसूचना संख्या प. 24(4) शिक्षा-6/94 दिनांक 25.2.2000 जिसके द्वारा कतिपय व्यक्तियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया है।

(2) अधिसूचना संख्या प. 24(4) शिक्षा-6/94 दिनांक 2.3.2000 जिसके द्वारा कतिपय विधायकों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया है।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : श्री छोगाराम बाकोलिया।

परिवहन विभाग

श्री छोगाराम बाकोलिया (यातायात मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, परिवहन विभाग की निम्नांकित अधिसूचनाएं सदन की मेज पर रखता हूं :—

(1) अधिसूचना संख्या प. 6(96) परि/कर/मुक्त/मु/97 पार्ट-II दिनांक 4.10.99 जिसके द्वारा दिनांक 11.10.99 से 20.10.99 की अवधि में अन्य राज्यों

(श्री छोगाराम बाकोलिया)

से अजमेर शहर को जाने-आने वाले समस्त यात्री वाहनों के लिए 3500 रुपये से अधिक उन करों का परिहार किया गया है जो राजस्थान कराधान अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अन्तर्गत उपरोक्त श्रेणी के वाहनों पर देय है।

(2) अधिसूचना संख्या प. 6(103) परि/कर/मु/पार्ट-II दिनांक 4.10.99 जिस के द्वारा संविदा वाहनों द्वारा माह जून, 1990 में दिनांक 1 जून, 1990 से 26 जून, 1990 तक की अवधि में देय विशेष पथ कर के अन्तर का समानुपातिक आधार पर इस शर्त पर परिहार किया गया है कि जमा कर वापस देय नहीं होगा।

(3) अधिसूचना संख्या प. 6(96) परि/कर-मुक्त/मु/97 पार्ट-II दि. 24.1.2000 जिसके द्वारा विद्युत बैटरीचलित समस्त प्रकार के यानों पर देय करों का परिहार किया गया हैं।

(4) अधिसूचना संख्या प. 7(98) परि/रूल्स/सच. क्यू/99 दिनांक 5.11.99 अधिसूचना संख्या एफ. 6(96) परि/कर/संयुक्त/सर्वे/96 दि. 11.11.99 अधिसूचना संख्या प. 7(94) परि/रूल्स/एच. क्यू/94 दि. 11.1.2000 एवं अधिसूचना संख्या प. 7(94)परि/रूल्स/एच. क्यू/94 दि. 22.1.2000 जिसके द्वारा राजस्थान मोटरयान नियम, 1990 में संशोधन किये गये हैं।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : श्री तैय्यब हुसैन।

कृषि विभाग

श्री तैय्यब हुसैन (कृषि मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, कृषि विभाग की अधिसूचना संख्या एफ. 3(12) कृषि ग्रुप-II/98 दिनांक 1.11.1999 जिसके द्वारा राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कतिपय परिसर (कैम्पस) कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर के अधीन स्थानान्तरित किये गये हैं, सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री उपाध्यक्ष : श्री हीरालाल इन्दोरा।

खनिज विभाग

डा. जितेन्द्र सिंह (सूचना एवं जन संपर्क राज्य मंत्री) (श्री हीरालाल इन्दोरा, खनिज मंत्री के स्थान पर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपकी आज्ञा से, मैं खनिज विभाग की निम्नांकित अधिसूचनाए सदन की मेज पर रखता हूं :—

(1) अधिसूचना संख्या प. 14 (3) खान/ग्रुप-II/86 दिनांक 22.7.1999 जिस के द्वारा समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27.3.1986 में संशोधन किया गया है।

(2) अधिसूचना संख्या एफ. 15(5) खान/ग्रुप-II/96 दिनांक 23.9.1999 जिस के द्वारा राजस्थान गौण खनिज रियायत नियम, 1986 में संशोधन किये गये हैं।

(3) अधिसूचना संख्या एफ. 15(5) खान/ग्रुप-II/96 दि. 7.12.19999 जिसके द्वारा खनिज मार्बल के अनियमित

(डा. जितेन्द्र सिंह)

ब्लॉक की रायल्टी दर में संशोधन किया गया है।

(4) अधिसूचना संख्या एफ. 15(20) खान/ग्रुप-II/91 दिनांक 27.12.1999 जिसके द्वारा राजस्थान माइनर मिनरल कन्सेशन नियम, 1986 में संशोधन किया गया है।

(5) अधिसूचना संख्या एफ. 14(13) खान/ग्रुप-II/95 दिनांक 29.1.2000 जिसके द्वारा एकल व्हील कटर्स से मार्बल के असमान ब्लॉक्स की चिराई करने वाले व्यक्तियों को अनुज्ञा-पत्र देने की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है।

(6) अधिसूचना संख्या एफ. 10(2) खान/ग्रुप-II/85 दिनांक 26.7.1999 जिसके द्वारा निदेशक, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर को कतिपय शक्तियां दी गयी हैं।

(7) अधिसूचना संख्या एफ. 14(2) ग्रुप-II 85 दिनांक 30.12.1999 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या एफ. 14(2) खान/ग्रुप-II/85 दि. 1.12.1994 में संशोधन किया गया है।

श्री उपाध्यक्ष : श्री प्रद्युम्न सिंह।

प्रतिवेदन एवं लेखे

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के विनियोग एवं वित्त लेखे वर्ष 1998-99

श्री खेतसिंह राठौड़ (संसदीय कार्य मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, आपकी आज्ञा से, मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च, 1999 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विनियोग एवं वित्त लेखे वर्ष 1998-99 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री उपाध्यक्ष : श्री बी.डी. कल्ला।

राजस्थान लोक सेवा आयोग का 49वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998–99

श्री बी. डी. कल्ला (कार्मिक मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 323 (2) के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग का 49वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998-99 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री उपाध्यक्ष : डा. चन्द्रभान।

(व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997–98

डा. चन्द्रभान (ऊर्जा मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 75 (1) के अन्तर्गत राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री उपाध्यक्ष : श्री हीरालाल इन्दौरा।

राजस्थान स्टेट माइंस एवं मिनरल्स लिमिटेड का 52वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998–99

डा. जितेन्द्र सिंह (सूचना एवं जन सम्पर्क राज्य मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, आपकी

(डा. जितेन्द्र सिंह)

आज्ञा से, कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 619-ए के अन्तर्गत राजस्थान स्टेट माइन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड का 52वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998-99 सदन की मेज पर रखता हूं। (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : श्री भगराज चौधरी।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998–99

श्री भगराज चौधरी (राज्य मंत्री, वन): उपाध्यक्ष महोदय, मैं, जल अधिनियम, 1974 की धारा 39 (2) के अन्तर्गत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998-99 सदन की मेज पर रखता हूं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : श्री कन्हैया लाल मीणा। श्री नारायण सिंह।

समिति का प्रतिवेदन

याचिका समिति, 1999–2000 का द्वितीय प्रतिवेदन

श्री नारायण सिंह (सभापति, याचिका समिति) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, याचिका समिति, 1999-2000 समिति के द्वितीय प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं। (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष : आप नहीं बोलने देना चाहते तो क्या करें। (व्यवधान) आपके नेता बोलें और आप नीचे बैठे रहें, यह कोई अच्छी बात नहीं है। आप परम्परा को तोड़ना चाहते हो। श्री लक्ष्मण सिंह।

सदन की बैठक गुरुवार, 30 मार्च, 2000 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 13.05 बजे गुरुवार, 30 मार्च, 2000 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

परिशिष्ट

तारांकित प्रश्नोत्तर

राज्य में विद्युत उत्पादन में वृद्धि हेतु किये गये प्रयास

62. श्री जगत सिंह दायमा (बानसूर): क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) राज्य में ऊर्जा उत्पादन के विभिन्न प्रकार के क्या-क्या स्रोत हैं ?

(2) क्या यह सही है कि प्रदेश में गत वर्ष के दौरान भारी विद्युत संकट रहा है ?

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त संकट के कारण इस वर्ष प्रदेश में कृषि उत्पादन में कमी होने की आशंका प्रबल है ?

(4) क्या यह सही है कि विद्युत संकट के कारण प्रदेश में गत वर्ष के दौरान अनेक प्रमुख उद्योग बन्द हो गये हैं ? यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या प्रयास किये गये हैं ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

उत्तर

(1) राज्य में विद्युत उत्पादन के निम्न लिखित स्रोत हैं :—

अ. स्वयं के विद्युत गृह :

1. कोटा तापीय विद्युत गृह
2. सूरतगढ़ तापीय विद्युत गृह
3. माही तथा लघु पन विद्युत गृह
4. रामगढ़ गैस विद्युत गृह

ब. भागीदारी स्रोत :

1. चम्बल पन विद्युत गृह श्रृंखला
2. भाखड़ा पन विद्युत गृह श्रृंखला
3. सतपुड़ा तापीय विद्युत गृह

स. केन्द्रीय विद्युत गृहों से आवंटन :

सिंगरोली, रिहन्द, अन्ता, ओरिया; दादरी गैस, नरोरा आणविक, रावत-भाटा आणविक, ऊंचाहार प्रथम व द्वितीय, सलाल, चमेरा, टनकपुर तथा उड़ी ।

द. निजी परियोजना :

1. जैसलमेर पवन ऊर्जा परियोजना

(2) जी नहीं, रबी की फसल के समय मांग के बढ़ने के कारण तथा आवश्यकता के अनुसार ऊर्जा की उपलब्धि कम होने के कारण नवम्बर व दिसम्बर 1999 में विद्युत आपूर्ति करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा और इस कमी को दूर करने के लिये पड़ौसी राज्यों, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र व केन्द्रीय विद्युत गृहों के गैर आवंटित कोटे से आवंटन करवा कर मांग व आपूर्ति में संतुलन बनाये रखा गया है ।

(3) रबी की फसल को ध्यान में रखते हुए किसानों को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए माह दिसम्बर, 1999, जनवरी व फरवरी 2000 में शहरी क्षेत्रों में दिन में 2 से 3 घण्टे तथा उद्योगों पर 25% से 100% तक कटौती की गई । इस

(ऊर्जा मंत्री)

प्रकार कृषि क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कर विद्युत आपूर्ति करने से रबी की फसल पर बिजली की कमी के कारण उत्पादन में कमी की कोई आशंका नहीं है।

(4) बिजली की कमी के कारण प्रमुख उद्योगों के बन्द होने का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है।

विदेशी पर्यटकों के साथ होटल मालिकों एवं व्यापारियों द्वारा ठगी

63. **श्री गुलाब चन्द कटारिया** (बड़ी सादड़ी): क्या पर्यटन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) राज्य में आने वाले देशी/विदेशी पर्यटकों की संख्या वर्ष 1990 से 2000 तक कितनी रही ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) पर्यटन विभाग ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए क्या प्रयास किये और उनके क्या परिणाम रहें ?

(3) क्या राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों से टैंपो, टैक्सी एवं होटल मालिकों और व्यापारियों द्वारा ठगी के मामले विभाग के ध्यान में आये हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अभी तक क्या कार्यवाही की गई ?

उत्तर

(1) वर्ष 1990-1999 तक राज्य में आये देशी व विदेशी पर्यटकों की सूचना परिशिष्ट "क" पर संलग्न है। राज्य में आने वाले पर्यटकों की सूचना कलेण्डर वर्ष के अनुसार संकलित की जाती है। वर्ष 2000 की सूचना इस कलेण्डर वर्ष के अन्त में संकलित की जाएगी।

(2) राज्य में आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा पर्यटन साहित्य के माध्यम से पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर-राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में विज्ञापन देने, सेमीनार, कॉन्फ्रेन्स, प्रदर्शनियों, मेले एवं त्यौहारों का आयोजन किया जाता है। इससे प्रतिवर्ष पर्यटकों के राज्य में आगमन में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय एवं अन्तर-राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन मेलों में भाग लेकर राजस्थान का एक पर्यटक राज्य के रूप में प्रचार किया जाता है।

(3) जी हां। इस प्रकार की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस विभाग एवं सम्बन्धित संस्थाओं को लिखा जाता है।

वर्ष 1990 से 99 तक आये देशी व विदेशी पर्यटकों की सूची

वर्ष	राज्य में आये पर्यटक	
	देशी	विदेशी
1	2	3
1990	3735174	417641
1991	4300857	494150
1992	5263121	547802
1993	5454321	540738
1994	4699886	436801

(राज्य मंत्री, पर्यटन)

1	2	3
1995	5248862	534749
1996	5726441	560946
1997	6290115	605060
1998	6403310	591369
1999	6675528	562685

महिला आयोग द्वारा प्रेषित सिफारिशों की क्रियान्विति

64. **श्री राजेन्द्र राठौड़** (चूरू) : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) प्रदेश में महिला आयोग के गठन के पश्चात् कितने परिवाद आयोग को प्राप्त हुए तथा कितने परिवादों में आयोग ने कार्यवाही करने की अभिशंषा सक्षम अधिकारियों/न्यायालयों/सरकार को प्रेषित की और उन पर क्या-क्या कार्यवाही हुई ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि महिला आयोग के अध्यक्ष सदस्यों ने विभिन्न महिला सदन, बाल/शिशुगृह का निरीक्षण किया ? यदि हां, तो कहां-कहां व कब-कब व निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने क्या कार्यवाही की ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) प्रदेश में महिला आयोग के गठन के पश्चात् माह फरवरी, 2000 तक 550 परिवाद आयोग को प्राप्त हुए। आयोग ने 15 परिवादों पर कोई कार्यवाही करना महसूस नहीं किया है। शेष में से 151 प्रकरणों में की गई कार्यवाही एवं वे परिवाद जिन पर कार्यवाही करना महसूस नहीं किया गया, का विवरण परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है तथा 384 प्रकरणों में सम्बन्धित अधिकारियों/विभागों से अन्तिम पालना रिपोर्ट आना अपेक्षित है।

(2) महिला आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा महिला सदन जयपुर, बाल शिशु गृह/बालिका गृह व महिला कारागार, जयपुर का निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा शिशु गृह का निरीक्षण किया गया जिसकी रिपोर्ट दिनांक 7.10.99 को आयोग को प्रस्तुत की गई।

महिला सदन का निरीक्षण दिनांक 23.9.99 को एवं शिशु गृह व बालिका गृह का आकस्मिक निरीक्षण दि. 24.1.2000 को किया गया व महिला कारागार का निरीक्षण दिनांक 16.2.2000 को किया गया।

शिशु गृह के सम्बन्ध में समिति की रिपोर्ट आयोग द्वारा निदेशक, समाज कल्याण विभाग को दिनांक 8.10.99 को प्रेषित की गई। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण परिशिष्ट "ब" पर उपलब्ध है।

महिला सदन के निरीक्षण के उपरान्त आयोग द्वारा कोई निरीक्षण रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग को नहीं भेजी केवल निरीक्षण के साथ ही मौखिक निर्देश अधीक्षिका, महिला सदन को दिये गये।

जेल विभाग में दिनांक 16.2.2000

(महिला एवं बाल विकास मंत्री)

को किये गये निरीक्षण की पालना रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है।

महिला आयोग द्वारा 12 सिफारिशें विभिन्न विभागों को प्रस्तुत की गई है। इनमें से एक सुझाव की पालना करते हुए राज्य सरकार ने राज्य महिला नीति जारी कर दी है, शेष 11 सिफारिशों पर राज्य सरकार के विभागों द्वारा कार्यवाही विचाराधीन है। महिला आयोग द्वारा भेजी गई सिफारिशों का विवरण परिशिष्ट "स" पर उपलब्ध है।

(विवरण विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखा गया)

पंचायत चुनावों में उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की जांच

65. श्री दिग्विजय सिंह (उनियारा) : क्या पंचायतराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायत चुनावों में प्रत्येक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को दो परिपत्र नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करने थे, जो दोष सिद्ध व मुकदमों के सम्बन्ध में थे ?

(2) क्या यह भी सही है कि पीठासीन व निर्वाचन अधिकारियों द्वारा ऐसे घोषणा पत्रों की जांच करना आवश्यक नहीं माना गया ?

(3) क्या यह सही है कि यदि किसी उम्मीदवार ने इन घोषणा–पत्रों में तथ्य छुपाये गये पाये जाने पर सरकार कार्यवाही राजस्थान पंचायत राज अधिनियम के तहत करने का विचार रखती है ?

उत्तर

(1) जी, हां।

(2) जी, नहीं।

(3) जी, हां।

ग्राम मोरजन्ड खारी (श्रीगंगानगर) में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र की स्थापना

66. श्री के. सी. विश्नोई (संगरिया) : क्या चिकित्सा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) प्राथमिक चिकित्सालय खोलने के क्या मानदण्ड है ? जिला हनुमानगढ़ में वर्ष 1999-2000 में कितने प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोले गये ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र संगरिया में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं ? उक्त में डाक्टर/नर्स के कितने पद सृजित हैं ? क्या उक्त सभी पद भरे हुए हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? सृजित एवं रिक्त पदों की सूची क्रमवार सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि गांव मोरजन्ड खारी तहसील सादूलशहर जिला श्री गंगानगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुरोध पर दान दाताओं द्वारा बनाया गया है ? यदि हां, तो सरकार उक्त गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब तक

(राज्य मंत्री, चिकित्सा)

खोलने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(4) क्या यह भी सही है कि विधान सभा क्षेत्र संगरिया में दो सामुदायिक चिकित्सालय हैं ? यदि हां, तो उनमें स्टाफ की क्या स्थिति है ? उक्त रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा ?

उत्तर

(1) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित मापदण्ड अनुसार सामान्य क्षेत्र में 30 हजार ग्रामीण जनसंख्या पर एक स्थापित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 1999-2000 में जिला हनुमानगढ़ से भादरा पंचायत समिति के ग्राम गदरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किया गया है।

(2) विधान सभा क्षेत्र संगरिया में 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। उक्त संस्थान में डाक्टर एवं नर्स के सृजित एवं रिक्त पदों की सूची परिशिष्ट "अ" पर उपलब्ध हैं।

(3) ग्राम मोरजन्द्र, खारी, तहसील सादुलशहर जिला श्री गंगानगर में "अपना गांव अपना काम" योजनान्तर्गत भवन का निर्माण करवाया गया है, किन्तु उक्त भवन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु बनाने के पूर्व चिकित्सा विभाग से कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। ग्राम मोरचन्द्र खारी, पंचायत समिति सादुलशहर के अन्तर्गत आता है, जिसकी ग्रामीण जनसंख्या 1.28 लाख है। मानदण्ड अनुसार 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यकता के विपरीत 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है, अतः एक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है।

(4) जी हां, विधान सभा क्षेत्र संगरिया में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है। उक्त में स्टाफ की स्थिति परिशिष्ट "ब" पर उपलब्ध है। कनिष्ठ विशेषज्ञ, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, नर्स श्रेणी प्रथम, वरिष्ठ लिपिक, बी.एच.वी. (मेल/फिमेल) मलेरिया निरीक्षक, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन के रिक्त पदों को विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयनित अभ्यार्थी उपलब्ध होने पर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, परिवार कल्याण कार्यकर्ता के रिक्त पदों को राज्य सरकार से नव नियुक्ति की स्वीकृति प्राप्त होने पर एवं संगणक के रिक्त पदों को निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी के द्वारा पदस्थापित किये जाने पर भरा जाना संभव हो सकेगा।

राज्य सरकार द्वारा वेतन श्रृंखला 1 से 6 तक के रिक्त पदों को भरने पर प्रतिबन्ध है। अतः वाहन चालक एवं सहायक कर्मचारी के रिक्त पदों को राज्य सरकार द्वारा शिथिलता एवं नव नियुक्ति की स्वीकृति प्राप्त होने पर ही भरा जाना संभव हो सकेगा।

परिशिष्ट "अ"

विधान सभा क्षेत्र संगरिया में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक/नर्स के सृजित पद कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण

विधानसभा क्षेत्र संगरिया में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम	पद सृजित (संख्या)		कार्यरत		रिक्त	
	चिकित्सक	नर्स श्रेणी प्रथम/द्वितीय	चिकित्सक	नर्स श्रेणी प्रथम/द्वितीय	चिकित्सक	नर्स श्रेणी प्रथम/द्वितीय
1	2	3	4	5	6	7
1. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ढाबां	1	2	1	1	—	1
2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माला रामपुर	2	3	2	2	—	1
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दीनगढ़	1	2	1	2	—	—
4. प्राथमिक स्वा. केन्द्र, किशनपुरा	1	2	1	2	—	—
5. प्राथमिक स्वा. केन्द्र, पन्नीवाली	1	2	1	2	—	—
6. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डूंगरसिंहपुर	1	1	1	1	—	—
7. —यथा— लालगढ़	1	2	1	2	—	—
8. —यथा— हाकमबाद	1	1	1	1	—	—
9. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संगरिया	6	6	5	6	1	—
10. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सादुलशहर	3	7	3	7	—	—

परिशिष्ट "ब"

विधान सभा क्षेत्र संगरिया में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ की स्थिति का विवरण

चिकित्सा संस्थान का नाम	पद नाम	सृजित पदों की संख्या	कार्यरत पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6
1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सादुलशहर	कनिष्ठ विशेषज्ञ (सर्जन, मेडिसन)	2	2	–	—
	वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	1	1	–	चिकित्सा अधिकारी पद विरुद्ध
	नर्स श्रेणी प्रथम	3	3	–	एक पद पर नर्स श्रेणी-II पद विरुद्ध
	नर्स श्रेणी द्वितीय	4	4	–	—
	महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता	2	1	1	—
	वरिष्ठ लिपिक	2	2	–	एक पद पर कनिष्ठ लिपिक
	वाहन चालक	2	2	–	—
	बी.एच.सी. (मेल/फिमेल)	2	2	–	एल.एच.वी. पद विरुद्ध
	एल.एच.वी.	1	1	–	—
	मलेरिया निरीक्षक	1	1	–	प्रा.स्वा. केन्द्र पर प्रतिनियुक्त है ।
	संगणक	1	–	1	—
	सहायक रेडियोग्राफर	1	1	–	—
	लेब टेक्नीशियन	1	1	–	—
	वार्ड बॉय	7	7	–	—

1	2	3	4	5	6
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संगरिया	कनिष्ठ विशेषज्ञ (मेडिसन)	1	1	–	चिकित्सा अधिकारी पद विरुद्ध
	कनिष्ठ विशेषज्ञ (शल्य)	2	2	–	एक के पद विरुद्ध कनिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र)
	वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	2	1	1	—
	चिकित्सा अधिकारी	1	1	–	—
	नर्स श्रेणी-प्रथम	1	1	–	—
	नर्स श्रेणी द्वितीय	5	5	–	—
	प्रसाविका	4	4	–	—
	रेडियोग्राफर	1	1	–	—
	स्वास्थ्य निरीक्षक	1	1	–	—
	वरिष्ठ लिपिक	2	–	2	—
	कनिष्ठ लिपिक	2	2	–	—
	वाहन चालक	2	1	1	—
	मलेरिया निरीक्षक	1	–	1	—
	वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन	1	–	1	—
	लेब टेक्नीशियन	1	1	–	—
	नेत्र सहायक	1	1	–	—
	बी.एच.एस. (मेल/फिमेल)	2	–	2	—
	संगणक	1	–	1	—
	एल.एच.वी.	1	1	–	—
	परिवार कल्याण कार्यकर्ता	1	–	1	—
	सहायक कर्मचारी	13	5	8	—

विधान सभा क्षेत्र कोटपूतली में वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान

67. डा. रघुवीर सिंह गौड़ (कोटपूतली) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

विधान सभा क्षेत्र कोटपूतली में कितने वृद्ध व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत होने के पश्चात भी अधिकांश को पेंशन भुगतान कई माह से नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्यों ?

उत्तर

244.	265	गुण्डीकलां	251.	240	उदयगढ़ कलां खेत
245.	266	गुण्डीखुर्द			

राज्य के बाहर से क्रय की गई विद्युत का भुगतान

123. श्री अमराराम (धोद) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में पिछले 18 महीनों में उपभोक्ता सम्मेलनों एवं सब-स्टेशनों के शिलान्यास एवं उद्घाटनों में विज्ञापनों सहित कितना व्यय हुआ है ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(2) राज्य के बाहर से विद्युत खरीद पर 18 माह में कितना भुगतान किस-किस को किया गया ? सूची सदन की मेज पर रखें ।

उत्तर

(1) राज्य में पिछले 18 माह में उपभोक्ता सम्मेलनों व सब-स्टेशनों के शिलान्यास एवं उद्घाटनों पर कुल 8,07,108.00/- रुपये व्यय हुए, जिसका वृतवार विवरण परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है । इन सम्मेलनों एवं उद्घाटनों पर माह फरवरी 2000 तक अनुमानित 11,92,-220/- रु. के विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ जारी किये गये । कुल खर्च 19.99 लाख रुपये ।

(2) राज्य में पिछले 18 माह में (सितम्बर, 1998 से फरवरी, 2000) विभिन्न स्रोतों से किये गये विद्युत क्रय मय पूरक बिलों के तथा 15.3 2000 तक किये भुगतान का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं	स्रोत का नाम	विद्युत क्रय की राशि	भुगतान 15 3.2000 तक रिबेट सहित (राशि करोड़ रुपये में)
1	2	3	4
1.	एन.टी.पी.सी.	1689.51	1543.50

1	2	3	4
2.	एन.एच.पी.सी.	276.69	211.67
3.	एन.ए.पी.पी.	811.11	730.00
4.	पी.जी.सी आई.एल.	192.44	143.22
5.	पी.एस.ई.बी.	127.33	121.65
6.	दिल्ली विद्युत बोर्ड	23.50	2.00
7.	एच.पी.एस.ई.बी.	8.34	—
8.	बी.बी.एम.बी. (आर एफ.एफ.)	42.67	41.08
9.	आर.एम.पी.सी.आई.एल.	0.19	0.16
10.	एम.एस.ई.बी.	3.47	—
	योग	3175.25	2793.28

उक्त विद्युत क्रय के पेटे मण्डल द्वारा विद्युत क्रय के पूर्ण एवं समय पर भुगतान न करने की स्थिति में देय सरचार्ज की राशि सम्मिलित नहीं है।

परिशिष्ट –अ

गत 18 माह में उपभोक्ता सम्मेलन/सब-स्टेशनों के शिलान्यास/उद्घाटन पर किये गये खर्च का वृत (पवस) वार विवरण

क्र सं.	पवस वृत का नाम	उपभोक्ता सम्मेलन पर किया गया व्यय	सबस्टेशन के शिलान्यास/उद्घाटन पर किया गया व्यय	कुल व्यय
1	2	3	4	5
1.	अलवर	31794.42	—	31794.42
2.	भरतपुर	—	10000.00	10000.00
3.	कोटा	53830.00	—	53830.00

1	2	3	4	5
4.	झालावाड़	—	—	—
5.	सवाईमाधोपुर	17151.00	36293.00	53444.00
6.	जयपुर नगर, वृत	—	—	—
7.	जयपुर जिला वृत	—	47500.00	47500.00
8.	दौसा	—	1250.00	1250.00
9.	अजमेर	22049.33	5545.00	27594.33
10.	नागौर	—	62287.00	62287.00
11.	भीलवाड़ा	—	6114.00	6114.00
12.	झुंझुनूं	40000.00	162998.00	202998.00
13.	चूरू	29503.00	28174.00	57677.00
14.	सीकर	—	70000.00	70000.00
15.	बीकानेर	59978.00	1826.50	61804.50
16.	गंगानगर	—	—	—
17.	हनुमानगढ़	12661.00	—	12661.00
18.	उदयपुर	22500.00	—	22500.00
19.	बांसवाड़ा	—	—	—
20.	चित्तौड़गढ़	14844.00	—	14844 00
21.	जोधपुर नगर वृत	22322.00	—	22322.00
22.	जोधपुर जिला वृत	—	14500.00	14500.00
23.	पाली	—	—	—
24.	बाड़मेर	33988.00	—	33988.00
		योग–360620.75	446487.50	807108.25

अस्थाई कनेक्शन हेतु जमा अग्रिम राशि का भुगतान

124. **श्री बाबूलाल नागर** (दूदू) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि फ्लोर मिल के एस.आई.पी. कनेक्शन एवं शादी विवाह आदि के लिए अस्थाई कनेक्शन हेतु अग्रिम राशि जमा की जाती है? यदि हां, तो किस नियम के तहत एवं कितनी ?

(2) क्या यह भी सही है कि माह नवम्बर, 1998 से नवम्बर, 1999 तक सहायक अभियन्ता कार्यालय विद्याधर नगर, जयपुर में एस.आई.पी. एवं शादी विवाह कनेक्शन हेतु अग्रिम राशि जमा हुई ? यदि हां, तो किस-किस द्वारा कितनी-कितनी राशि कब-कब जमा कराई गई ? विवरण मय आवेदक के नाम एवं रसीद संख्या की छाया प्रति के सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त आवेदकों में से किन्हीं आवेदकों ने अपनी राशि जो रसीद संख्या 89 बुक नम्बर 46 दिनांक 19.11.1998 एवं रसीद सं. 76 बुक नं. सी 3627 दिनांक 17.2.99 से जमा कराई थी को वापस प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है ? यदि हां, तो किसके द्वारा एवं कब ?

(4) क्या उक्त आवेदकों को उक्त जमा राशि का भुगतान कर दिया गया है ? यदि हां, तो कब एवं नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार उक्त प्रकरण में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो क्या एवं कब तक ?

(5) क्या सरकार उक्त आवेदकों को उनकी जमा राशि वापस करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक और नहीं तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी हां। जनरल कण्डिशन ऑफ सप्लाई जो कि नोटिफिकेशन न. एफ/फ. 14(397)63 दिनांक 24.6.64 के द्वारा जारी की गई थी व इसके तहत जारी आदेशों के अनुसार एस.आई.पी. व अस्थाई कनेक्शनों के लिये अग्रिम राशि ली जाती है। वर्तमान में फ्लोर मिल के स्थाई एस.आई.पी. कनेक्शन के लिए रु. 4000/– अग्रिम राशि व शादी विवाह हेतु अस्थाई कनेक्शन हेतु कनेक्शन जारी करने पर होने वाला खर्च अनुमानित विद्युत खर्च व कनेक्शन हटाने में होने वाला खर्च आदि को जोड़ कर अग्रिम राशि ली जाती है, जो कि अलग-अलग आवेदक के लिये लोड व कनेक्शन की अवधि के अनुसार अलग-अलग ली जाती है।

(2) जी हां। सहायक अभियन्ता कार्यालय विद्याधर नगर, जयपुर में नवम्बर, 1998 से नवम्बर, 1999 तक एस.आई.पी. के स्थाई कनेक्शन हेतु 101 आवेदकों तथा शादी विवाह के लिए अस्थाई कनेक्शन हेतु 68 आवेदकों द्वारा अग्रिम राशि जमा करवाई गई थी जिसका आवेदक वार मय राशि, रसीद संख्या विवरण परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(3) जी हां। रसीद संख्या 89 बुक न. 46 से सम्बन्धित आवेदक मै. सीताराम फ्लोर मिल आवेदक कर्ता द्वारा दिनांक 5.8.1999 को अग्रिम राशि वापसी हेतु

(ऊर्जा मंत्री)

आवेदन किया था परन्तु रसीद संख्या 76 बुक न. 3627 से सम्बन्धित आवेदक कर्ता द्वारा अग्रिम राशि वापसी के लिए कोई आवेदन कार्यालय को प्राप्त नहीं है।

(4) रसीद संख्या 46/89 से संबंधित आवेदक को रु. 4000/– की राशि वापस करने हेतु चैक सं. 221320 दिनांक 9.3.2000 जारी किया जा चुका है तथा रसीद संख्या 3627/76 से सम्बन्धित आवेदक की तरफ अग्रिम अमानत राशि रु. 600/– के विरुद्ध रु. 618/- विद्युत खर्च होना पाया गया है। अत: विद्युत मंडल को रु. 18/- आवेदक से लेने हैं अत: वापस करने योग्य कोई राशि नहीं है। इस प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की गई है, अत: प्रथम दृष्टया कोई अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं पाया गया है।

(5) उपरोक्तानुसार।

(विवरण विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखा गया)

विधान सभा क्षेत्र बस्सी के अविद्युतकृत ग्राम

125. श्री कन्हैयालाल (बस्सी) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) विधान सभा क्षेत्र बस्सी में वर्ष 1995 या उससे पूर्व के विद्युतीकृत घोषित गांवों में अब तक एक भी कनेक्शन नहीं देने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में जनवरी 1999 से फरवरी 2000 तक सामान्य श्रेणी के कृषि कनेक्शन, वन पोल, टू पोल, नर्सरी या बिजली चोर योजना के अन्तर्गत कितने कनेक्शन दिए गए हैं? प्रति वर्ष योजनावार संख्या सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र के कृषकों ने डिमाण्ड नोटिस की राशि जमा करादी और उन्हें अभी तक कनेक्शन नहीं दिये हैं यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सही है कि सरकार की घोषणा के बावजूद औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला व बस्सी को 24 घण्टे बिजली दी जा रही है और किसानों को मात्र तीन चार घण्टे ही बिजली दी जाती है?

(5) वर्ष 1990 से फरवरी, 2000 तक विभिन्न श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं से टैरिफ दरों में कब-कब क्या परिवर्तन किए गए? मय दिनांक टैरिफ का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(6) क्या यह सही है कि गरीबी रेखा में चयनित कृषकों या अनुसूचित जनजाति के कृषकों को वरीयता के आधार पर कृषि विद्युत कनेक्शन दिये जाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

(7) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र के काश्तकारों के कई कुओं के कनेक्शन किन्हीं कारणों से काट दिये गये? राज्य सरकार के निर्देशानुसार कनेक्शन पुन: करवाने हेतु किसानों द्वारा राशि जमा कराने के बावजूद भी अब तक कनेक्शन नहीं किए गए? यदि हां, तो क्यों?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र बस्सी में वर्ष 1995 या उससे पहले विद्युतिकृत किए गए ग्रामों में से निम्न ? ग्रामों में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं दिए गए हैं :–

अ. शंकरपुरा

ब. मण्डावरी

स. अजमेरीपुरा

द. शक्कर खावदा

इ. जहूरीपुरा उर्फ बांसड़ा

फ. यादगारपुरा

ज. बाड़ यादगारपुरा

ग्राम शंकरपुरा में ग्रामवासियों के आपसी विवाद के कारण ट्रान्सफार्मर नहीं रखा जा सका तथा शेष ग्रामों में लाईन का कार्य अपूर्ण होने के कारण कनेक्शन जारी नहीं किए जा सके। मण्डल द्वारा जारी आदेश में जिन ग्रामों की लाईनें क्षतिग्रस्त व अपूर्ण हैं, ऐसे ग्रामों में 58 हजार रुपये तक का व्यय आने पर विद्युतिकृत किए जाने का प्रावधान किया गया था लेकिन उक्त सभी ग्रामों में 58 हजार रुपयों से अधिक का खर्चा आता है इसलिए सीमित साधनों के कारण लाईन का कार्य पूर्ण कर कनेक्शन दिया जाना सम्भव नहीं हो सका।

(2) विधान सभा क्षेत्र बस्सी में जनवरी, 1999 से फरवरी, 2000 तक सामान्य श्रेणी के कृषि कनेक्शन, वन पोल, टू पोल व चोरी करने वाले कृषकों को उपखण्डवार निम्न कनेक्शन जारी किए गए:–

	जनवरी, 99 से मार्च, 99 तक			अप्रैल, 99 से फरवरी, 2000 तक		
	बस्सी	चाकसू	कुल	बस्सी	चाकसू	कुल
सामान्य	6	7	13	36	98	134
अनु. जाति	6	2	8	17	40	57
वन-टू पोल	–	–	–	7	—	7
नर्सरी	27	4	31	72	60	132
चोरी करने वाले कृषक	–	–	–	15	7	22
विशेष सामान्य	–	1	1	—	—	—
	39	14	53	147	205	352

(3) बस्सी विधान सभा क्षेत्र में कृषकों ने निम्न उप-खण्डवार डिमाण्ड नोटिस की राशि जमा करवायी है :-

कृषि श्रेणी	चाकसू	बस्सी	कुल
विशेष योजना (चोरी के मामले)	23	-	23
नर्सरी	20	278	298
सामान्य	16	5	21
एल.एच.एन.सी.	8	-	8
अनु. जाति	6	20	26
	-	-	-
	73	303	376

अत्यन्त आर्थिक तंगी के कारण वांछित सामान्य उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ विलम्ब जरूर हुआ है लेकिन अब सामान की उपलब्धता के अनुसार अतिशीघ्र कनेक्शन दिये जाने की प्रक्रिया जारी है।

(4) औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला एवं बस्सी में केवल सायंकाल 6 से 10 बजे के दौरान इण्डस्ट्रीज चलाने पर रोक रहती है। कृषकों उपलब्धता के अनुसार 6 से 8 घण्टे तक बिजली दी जा रही है।

(5) जनवरी, 1998 से फरवरी, 2000 तक विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की टेरिफ की दरों के परिवर्तन का विवरण परिशिष्ट "अ" में संलग्न है।

(6) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित वर्ष 1999-2000 की घोषित कृषि नीति के अनुसार उक्त क्षेत्र में गरीबी रेखा में चयनित कृषकों या अनुसूचित जनजाति के कृषकों को वरीयता के आधार पर कृषि विद्युत कनेक्शन दिए जाने का प्रावधान नहीं है। अनु. जाति के कृषकों को बिना इन्तजार किए कनेक्शन दिए जाते हैं। ट्राइबल सब-प्लान एरिया में अनुसूचित जन जाति के कृषकों को भी इसी प्रकार प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है।

(7) जिन काश्तकारों में बकाया राशि होने के कारण कनेक्शन काट दिए गए थे उनके द्वारा बकाया राशि मय ब्याज जमा करवाने व वांछित औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई थी, उनके कनेक्शन पुनः जोड़ दिए गए हैं और जिन्होंने कनेक्शन जुड़वाने हेतु वांछित औपचारिकताएं पूर्ण नहीं की हैं, उन्हीं के कनेक्शन पुनः नहीं जोड़े गये हैं।

(विवरण विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखा गया)

विद्युत जोन सी-प्रथम (जयपुर शहर) में लम्बित घरेलू कनेक्शन

126. श्री नानूराम ककरालिया (फुलेरा): क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल में घरेलू विद्युत कनेक्शन के मामले गत तीन माह से भी अधिक समय से लम्बित है?

(2) जयपुर शहर के विद्युत जोन सी-प्रथम में दो माह से अधिक के विद्युत घरेलू कनेक्शन के कितने मामले वर्तमान में लम्बित है? क्षेत्रवार संख्या सूची सदन की मेज पर रखें।

(श्री नानूराम कक्करालिया)

(3) क्या विद्युत मण्डल उक्त जोन सी-प्रथम के घरेलू बकाया विद्युत कनेक्शन मार्च, 2000 में करने का विचार रखता है ? यदि हां, तो इस हेतु क्या कार्यवाही की गई है और नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी, हां ।

(2) जयपुर शहर के विद्युत उपखण्ड (सी-जोन–I) में 2 माह से अधिक के वर्तमान में 37 आवेदन पत्र लम्बित हैं (जिनके मांग पत्र की राशि जमा हो चुकी है) । मांग पत्र जमा आवेदकों की सूची परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है ।

(3) जी, हां । उपरोक्त लम्बित आवेदन पत्रों में से माह मार्च, 2000 तक संसाधनों की उपलब्धि व बजट के अनुरूप अधिक से अधिक संख्या में कनेक्शन जारी करने के प्रयास किये जा रहे हैं ।

परिशिष्ट–"अ"

दो माह से अधिक लम्बित घरेलू विद्युत आवेदन पत्रों की सूची
(सी-प्रथम से सम्बन्धित)

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मांग पत्र की जमा राशि दिनांक	कनेक्शन में लगने वाले खम्भों की संख्या
1	2	3	4
1.	सुमित्रा देवी, बी–2 खादी कालोनी ।	17–11–99	2
2.	शान्ती देवी 90, एन. बी. सी. के पीछे ।	17–11–99	3
3.	भावना महरवाल 488, विद्युत नगर ।	15–11–99	2
4.	राजेन्द्र सिंह एस–137 शान्ती नगर ।	18–11–99	1
5.	राधादेवी ए–34, दुर्गा कालोनी ।	19–11–99	2
6.	सीता देवी 5, राजीव नगर	22–11–99	1

1	2	3	4
7.	सुशीला रस्तोगी 5 जमना नगर।	24–11–99	1
8.	भंवरलाल 48, श्री नारायण पुरी।	25–11–99	1
9.	जयपाल सिंह बी–18, हनुमान नगर।	29–11–99	1
10.	दमयन्ती देवी 133 ए पंचवटी कालोनी।	29–11–99	2.
11.	रामकुमार सिंह 208, सिंह भूमि।	30–11–99	1
12.	दिलीप सिंह 59, कल्याण कालोनी।	30–11–99	1
13.	गोतम लाल शर्मा शिवपुरी योजना।	2–11–99	6
14.	बलराम दुर्गा कालोनी।	3–12–99	
15.	एम. एम. जोशी 80, नेमी सागर।	1–12–99	1
16.	जे. के. मीना लक्ष्मी नगर।	4–12–99	1
17.	भंवरलाल शिवपुरी योजना।	6–11–99	पोल वर्क्स
18.	मिथलेश कुमारी 2, जमना नगर।	7–12–99	4
19.	शिवराम कंवर 130, नित्यानन्द नगर।	7–12–99	लाईन एवं पोल वर्क्स
20.	जानकी देवी शिलावतों की ढाणी।	4–12–99	2
21.	हुसैन खान 75, वेलकम कालोनी।	8–12–99	2

1	2	3	4
22.	महेश प्रसाद महर्षी, 54, ग्रिन एवन्यू ।	10–12–99	2
23.	बनवारी लाल पारीक 248-ए, चांद बिहारी नगर ।	13–12–99	1
24.	रूपनारायण कटियार शिवपुरी योजना ।	14–12–99	पोल वर्क
25.	जय कुमार जैन व विजय कुमार जैन 209-ए व बी नेमी सागर ।	14–12–99	5
26.	अशोक शर्मा सुशील पुरा ।	15–12–99	5
27.	विष्णु दयाल सिंह 1-बी सुशीलपुरा ।	—	5
28.	सुरेश मण्डल 19बी सुदामापुरी ।	15–12–99	2
29.	कमल वर्मन नवदुर्गा कालोनी ।	23–12–99	1
30.	कमोद कंवर बी-144, के. एस. स्कीम ।	27–12–99	2
31.	चन्द्रवीर सिंह 213 शान्ती नगर ।	28–12–99	1
32.	जगदीश प्रसाद 43, शिवपुरी ।	29–12–99	1
33.	जितेन्द्र प्रताप सिंह 78, नेमी सागर ।	31–12–99	4
34.	विशम्भर दयाल 209-सी नेमी सागर ।	1–1–2000	4
35.	घनश्याम चन्द्र शर्मा	1–1–2000	4
36.	शंकरलाल एच-3 आजाद नगर ।	12–1–2000	2
37.	मनराजी देवी एच-15 जमना नगर विस्तार ।	20–1–2000	1

अलवर वृत्त में विद्युत केबलिंग एवं अर्थिंग में अनियमितता की जांच

127. श्री ज्ञानदेव आहूजा (रामगढ़) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि विद्युत मंडल के अलवर वृत्त में वर्ष 1991 से 1994 में केबलिंग एवं आर्थिंग के कार्यों में करोड़ों रुपयों का घोटाला हुआ था ? यदि हां, तो सरकार ने क्या इस घोटाले की जांच कराई थी ? यदि हां, तो जांच के क्या परिणाम रहे ?

(2) क्या यह भी सही है कि वर्ष 1997 में इस घोटाले में लिप्त अभियन्ताओं/अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल कर्मचारी सेवा नियम (सीसी एण्ड ए) रेग्यूलेशन, 1962 (7) (1) के अन्तर्गत मेजर चार्जशीट दी गई ? यदि हां, तो कितने लोगों को कब-कब ? सूची सदन की मेज पर रखें। क्या सरकार द्वारा उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई ?

(3) क्या यह सही है कि उक्त घोटाले में लिप्त अधिकारियों/अभियन्ताओं कर्मचारियों को मात्र मेजर चार्जशीट दी गई थी और उनमें से अनेकों को पदोन्नतियां भी दी गई ? यदि हां, तो क्यों ? क्या यह भी सही है कि उक्त आरोपियों में से अनेक विद्युत मण्डल से सेवा निवृत्त हो गये ? क्या उक्त सेवा निवृत्तों के भुगतान आदि पर रोक लगाई गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(4) क्या उक्त घोटाले में लिप्त ठेकेदारों/फर्मों के विरुद्ध भी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या यह भी सही है कि उक्त ठेकेदार आज भी विद्युत मण्डल में फर्मों के नाम बदल कर ठेकेदारी का कार्य कर रहे है ? यदि हां, तो क्यों और आज भी विद्युत मण्डल उक्त ठेकेदारों को मण्डल में ठेके के कार्य क्यों दे रहा है ?

उत्तर

(1) जी, हां। अलवर वृत्त के शहर खण्ड अलवर में 218 पी. एण्ड एफ. केबलिंग वर्क के 29.505 लाख रुपये के आदेश जारी किये गये और विभिन्न उपखण्डों के द्वारा 135.04 लाख रुपये के 600 अन्य आदेश जारी किए गए। वर्ष 1991–92 से 1994–95 तक शहर खण्ड अलवर में 125 आदेश अर्थिंग कार्य के जिनकी कीमत 17.24 लाख रुपये थी, उप-खण्ड द्वारा जारी किए गए थे। इसी प्रकार जिला खण्ड अलवर में विभिन्न उप-खण्डों द्वारा 237 आदेश जिनकी कीमत रुपये 48.046 लाख थी, जारी किये गये। जांच रिपोर्ट की प्रति परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(2) जी, हां। उक्त घोटालों में लिप्त 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विनियम —7(1) दीर्घदण्ड के तहत आरोप पत्र जारी किये गये थे जिनकी सूची परिशिष्ट "ब" पर उपलब्ध है। इनमें से 7 आरोपियों द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्रों का जवाब प्रस्तुत करने के पश्चात सक्षम प्राधिकारी ने इनके विरुद्ध निम्न कार्यवाही करने का निर्णय लिया है :—

दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव

(ऊर्जा मंत्री)

का दण्ड आदेश दिनांक 21.1.98 को दिया था। तत्पश्चात अपील प्राधिकारी ने उन्हें दिनांक 7.3.98 को दोष मुक्त कर दिया गया।

मामला समाप्त किया गया।

एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई।

एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्ड दिनांक 27.7.98 द्वारा दिया गया। तत्पश्चात अपील प्राधिकारी ने उन्हें लिखित चेतावनी दिनांक 15.4.99 को दी गई।

मामला समाप्त किया गया।

मामला समाप्त किया गया।

मामला समाप्त किया गया।

(3) जी, नहीं। अलवर जिले में केबलिंग एवं अर्थिंग के कार्य से सम्बन्धित मामले में जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को पदोन्नति नहीं दी गई। श्री राम लाल मदान, अधिशाषी अभियन्ता दिनांक 31.3.99 को सेवा निवृत हुये थे। उन्हें शत-प्रतिशत प्रोविजनल पेंशन ही स्वीकृत की गई है।

(4) जांच में ठेकेदारों पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं है। उक्त ठेकेदार अन्य नामों से विद्युत मण्डल में ठेकेदारी कार्य कर रहे हैं, इसकी जानकारी विभाग को नहीं है।

(जांच रिपोर्ट की प्रति विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

जिला बाड़मेर में 132 ग्रिड सब-स्टेशन की स्थापना

128. श्री अमीन खान (शिव) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि जिला बाड़मेर में 132 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण का कार्य तकनीकी तौर पर स्वीकृत किया गया है? यदि हां, तो कौन-कौन से?

(2) उक्त जिले में 132. के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण कराने में कितना समय लगेगा?

(3) उन्डू 33 के. वी. ग्रिड सब स्टेशन का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा।

उत्तर

(1) जी, हां। बाड़मेर जिले में सिवाना एवं सावा पर 132 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन बनाये जाने हेतु निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं, जिसमें से सिवाना पर 132 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन दिनांक 11.12.1999 को चालू किया जा चुका है।

(2) सवा में 132 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये वर्ष 2000–2001 के फेज प्रोग्राम में सम्मिलित किया गया है।

(3) ग्राम उन्डू में 33/11 के.वी. सब-स्टेशन का निर्माण कार्य चालू है। आवश्यक सामग्री की उपलब्धतानुसार उक्त कार्य 31 मार्च, 2000 तक पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

कोटा संभाग के अधीक्षक रहित छात्रावास

129 श्री मदन दिलावर (अटरू) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि वर्ष 1999 में पूर्व सैनिक सरकारी छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे ? यदि हां, तो उन्हें हटाये जाने के क्या कारण हैं ?

(2) राज्य में वर्तमान में कितने छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षक नहीं हैं या किसी को अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है और कितने छात्रावासों में शिक्षा विभाग से पूरे समय के लिए प्रति नियुक्ति पर कर्मचारी लिये हुए हैं ?

(3) कोटा संभाग में किस-किस छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक बतौर कौन-कौन कब-कब से कार्यरत हूं ? सूची सदन की मेज पर रखें ।

(4) किस-किस छात्रावास में बच्चों के भोजन इत्यादि की किश्त कोषाधिकारी द्वारा कब-कब जारी की गई ? क्या इसमें किसी जिले में देरी हुई है ? यदि हां, तो कौन-कौन से जिले में कितनी देर हुई ?

(5) उक्त अन्तराल में छात्रों के भोजन की व्यवस्था कैसे हुई ?

उत्तर

(1) जी, हां । वर्ष 1999 से पूर्व छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों के विरुद्ध भूतपूर्व सैनिकों को संविदा के आधार पर रखे गये थे । उक्त पूर्व सैनिकों को राज्य सरकार के आदेश कार्मिक (क-2) विभाग क्रमांक प. 17(7) कार्मिक/क–2/99 दिनांक 27.5.99 की पालना में हटाया गया है ।

(2) जिन छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षक नहीं है/अतिरिक्त चार्ज की सूची परिशिष्ट (अ) पर संलग्न है । शिक्षा विभाग के पूरे समय के लिये कोई भी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर नहीं लिए गए हैं ।

(3) कोटा संभाग मे कार्यरत छात्रावास अधीक्षक की सूची परिशिष्ट (ब) पर संलग्न है ।

(4) छात्रावासों में बच्चों का भोजन इत्यादि के बिल कोषाध्यक्षों द्वारा पारित किये है इसमें कुछ जिलों में द्वितीय किश्त के भुगतान में कुछ विलम्ब हुआ है । सूची परिशिष्ट (स) पर संलग्न है ।

(5) उक्त अन्तराल के दौरान संबंधित छात्रावास अधीक्षक द्वारा उधार पर क्रय कर भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई ।

(सूची विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

संगरिया (जिला हनुमानगढ़) का कामकाजी महिला छात्रावास प्रकरण

130. श्री के. सी. विश्नोई (संगरिया) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि कामकाजी

(श्री के. सी. बिश्नोई)

महिला छात्रावास के नक्शे का माडल भारत सरकार द्वारा दिया जाता है तथा उसी के दिशा निर्देशों के अनुसार बनाया जाता है ? यदि हां, तो संगरिया ज़िला हनुमानगढ़ में बनाये गये कामकाजी महिला छात्रवास के नक्शे के माडल की प्रति सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या यह सही है कि कामकाजी महिला छात्रावास महाविद्यालय परिसर में हो सकता है ? यदि हां, तो दिशा निर्देशों की प्रति सदन की मेज पर रखें ।

(3) संगरिया जिला हनुमानगढ़ में कामकाजी महिला छात्रावास कहां पर बना हुआ है तथा उसमें कितने कमरे हैं ?

(4) क्या यह सही है कि कामकाजी महिला छात्रावास में रहने वाली महिलाओं से शुल्क लिया जाता है ? यदि हां, तो कितना ? क्या उक्त छात्रावास में वार्डन भी रखा जाता है ? यदि हां, तो वर्ष 1987 से संगरिया कामकाजी महिला छात्रावास में रहने वाली महिलाओं से कितना शुल्क लिया, कौन-कौन वार्डन रही व वार्डन को कितना पारिश्रमिक दिया जा रहा है ? सूचना सदन की मेज पर रखें ।

(5) क्या यह सही है कि कामकाजी महिला छात्रावास के रखरखाव हेतु भारत सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है ? यदि हां, तो कितना और नहीं तो इन छात्रावासों की आय का स्रोत क्या है ?

(6) क्या यह सही है कि कामकाजी महिला छात्रावास जिन उद्देश्यों के लिए स्थापित हुआ है, को छोड़कर अन्य उद्देश्यों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है ? क्या संगरिया जिला हनुमानगढ़ में कामकाजी महिला छात्रावास का उपयोग सिर्फ कामकाजी महिलाओं के रहने के लिए ही किया जा रहा है ? यदि नहीं तो क्यों ? उक्त छात्रावास का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जा रहा है यदि हां, तो संस्था के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

(7) संगरिया जिला हनुमानगढ़ में कामकाजी महिला छात्रावास में वर्ष 1987 से फरवरी, 2000 तक कौन-कौन महिलाएं रहीं तथा वे कहां-कहां नौकरी करती रही हैं ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(8) क्या यह सही है कि संगरिया जिला हनुमानगढ़ के कामकाजी महिला छात्रावास का समय-समय पर अंकेक्षण होता रहा है ? यदि हां, तो अंकेक्षण रिपोर्ट की प्रति सदन की मेज पर रखें ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी, नहीं। भवन का माडल नक्शा भारत सरकार के निर्देश बिन्दु 10 के अनुसार संस्था द्वारा ही तैयार कर प्रार्थना पत्र भारत सरकार को भेजा जाता है । संगरिया जिला हनुमानगढ़ के कामकाजी महिला छात्रावास का नक्शा संस्था द्वारा बनवाया जाकर प्रस्तुत किया है ।

(2) भारत सरकार के निर्देशों में कामकाजी महिला छात्रावास के भवन का

(समाज कल्याण मंत्री)

निर्माण महाविद्यालय परिसर में नहीं हो सकता, ऐसा उल्लेखित नहीं है। दिशा निर्देशों के सम्बन्धित अनुच्छेद की प्रति संलग्न है। (परिशिष्ट "अ")

(3) यह कामकाजी महिला छात्रावास वाटर वर्क्स रोड, रामबाग के पास स्थित है तथा इसमें 51 कमरे हैं।

(4) जी, हां। प्रत्येक महिला से 70 रुपये प्रतिमाह लिया जाता है। वार्डन की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है जिसे 2000/– रुपये प्रतिमाह पारिश्रमिक दिया जाता है।

(5) वर्ष 1987 से 1996 तक का रेकार्ड संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री धर्मचन्द जैन द्वारा न दिए जाने के कारण संस्था द्वारा अभियोग संख्या 400 दि. 1.10.99 को दर्ज करवा रखा है। जिसकी प्रति परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है। वर्तमान में संस्था द्वारा वर्ष 96 से सूचना उपलब्ध करवाई गई है।

जी नहीं। संस्था अपनी आय शुल्क व ब्याज आदि से प्राप्त राशि से संचालित करती है।

(6) जी नहीं। कामकाजी महिला छात्रावास में 96–97 से कामकाजी महिलाएं ही रह रही है जिसकी सूची परिशिष्ट "द" पर संलग्न है। अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की जानकारी विभाग को नहीं है।

(7) वर्ष 1987 से 96 तक का रेकार्ड उपलब्ध न होने के कारण संस्था द्वारा पूर्व अध्यक्ष के विरुद्ध एफ. आई. आर. दर्ज करवाई गई है जो परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है।

वर्ष 96 से फरवरी, 2000 तक इस छात्रावास में रहने वाली महिलाओं की सूची परिशिष्ट "स" पर संलग्न है।

(8) वर्ष 1987 से 96 तक का रेकार्ड उपलब्ध नहीं है। वर्ष 96-97 से 31.3.99 तक की चार्टर्ड अकाउन्टेंट की अंकेक्षण रिपोर्ट परिशिष्ट "द" पर संलग्न है।

(प्रति बिस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

ग्राम खोहरा मुल्ला (दौसा) के प्राथमिक विद्यालय भवन पर अतिक्रमण

131. डा. किरोड़ी लाल (बामनवास): क्या पंचायती राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि पंचायत समिति महुवा के ग्राम खोहर मुल्ला के प्राथमिक विद्यालय भवन पर अतिक्रमणी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा हैं ? यदि हां, तो उसे कब तक हटाकर कब्जे राज ले लिया जायेगा ?

(2) क्या यह भी सही है कि विकास अधिकारी महुवा को अनेकों बार कब्जा हटाये जाने हेतु अन्य अधिकारियों ने लिखा है, फिर भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा है ? यदि हां, तो दोषी अधिकारी के विरुद्ध सरकार क्या कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

उत्तर

(1) जी हां। अतिक्रमी के विरुद्ध मुन्सिफ एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट महुवा की ईजलास में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 448 में चालान पेश किया जा चुका है। न्यायालय के निर्णय अनुसार ही कार्यवाही की जा सकेगी।

(2) जी हां। न्यायालय के निर्णय के अनुसार ही इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

इन्द्रगढ़-रमजपुरा (बून्दी) सड़क निर्माण कार्य

132. श्री रामगोपाल बैरवा (पीपल्दा): क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि वर्ष 1998-99 में निर्बन्ध राशि योजना के अन्तर्गत बून्दी जिले में इन्द्रगढ़ सवाईमाधोपुर रोड से ग्राम रमजपुरा तक सम्पर्क सड़क बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई थी? यदि हां, तो कब?

(2) क्या उक्त राशि का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है यदि हां तो इसके क्या कारण हैं व विभाग द्वारा कार्य शुरू कराने के लिये क्या-क्या प्रयास किये गये?

(3) क्या सरकार उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

(1) जी, नहीं।

(2) उत्तर उपेक्षित नहीं है।

(3) उत्तर उपेक्षित नहीं है।

विकास अधिकारी देसूरी (पाली) द्वारा अनियमितताएं

133. श्री कुबेर सिंह (फलासिया): क्या पंचायतीराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि पंचायत समिति देसूरी (पाली) में कार्यरत विकास अधिकारी को कृषि विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लगाया गया है? यदि हां, तो उक्त प्रतिनियुक्ति आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त विकास अधिकारी ने पंचायत समिति देसूरी के सरपंचों/सचिवों को परेशान करने हेतु रिकार्ड जांच के नाम पर काफी पत्र निकाले हैं? यदि हां, तो उक्त पत्रों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त विकास अधिकारी द्वारा उक्त कार्यवाही से काफी राशि वसूल की गई और राशि नहीं मिलने वाले सरपंचों/सचिव का रिकार्ड जमा कर लिया जाता है? यदि हां, तो क्यों? जमा किये गये रेकार्ड का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त विकास अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही कर उसकी सेवाएं पुनः पैतृक विभाग में लौटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक और नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी, हां । प्रतिनियुक्ति आदेश की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है ।

(2) विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों के निरीक्षण हेतु निरीक्षण कार्यक्रम के पत्र निकाले गये हैं तथा लम्बित जांच की जांच हेतु भी पत्र निकाले गये है । पत्रों की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है ।

(3) विकास अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार में लिप्त होने की शिकायत की जांच की गई है जांच रिपोर्ट में सरपंचों एवं सचिवों से पैसा वसूलने का उल्लेख नहीं है । जांच रिपोर्ट पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है । विकास अधिकारी ने तीन पंचायतों के पट्टे रजिस्टर आदि जांच हेतु मंगवाये हैं, विवरण संलग्न है ।

(4) जी, नहीं । विकास अधिकारी पंचायत समिति देसूरी के विरुद्ध जिला कलेक्टर द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव प्रेषित किये हैं । जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

(प्रति विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

ग्राम पंचायत दुगारी (जिला बूंदी) में फर्जी मृत्यु संबंधी इन्द्राज

134. श्री घासीलाल मेघवाल (पाटन): क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या वर्ष 1991 से 1993 की अवधि में ग्राम पंचायत दुगारी (बूंदी) के जन्म मृत्यु रजिस्टर में मृत्यु सम्बन्धी फर्जी इन्द्राज करने तथा फर्जी मृत्यु होना बताकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने के सम्बन्ध में की गई जांच कार्यवाही पूरी हो गई है ? यदि हां, तो जांच रिपोर्ट की प्रति सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या बताई गई फर्जी मृत्यु का इन्द्राज सरकारी दस्तावेज में करने तथा मृत्यु सम्बन्धी असत्य कथन की शाहदत देने वाले के विरुद्ध फौजदारी प्रकरण दर्ज करवाये जाने बाबत कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक तथा नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) जी, हां । जांच रिपोर्ट की प्रति सदन की मेज पर रख दी गयी है ।

(2) जी, नहीं । जन्म मृत्यु रजिस्टर में मृत्यु सम्बन्धी फर्जी इन्द्राज करना तथा फर्जी मृत्यु होना बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप जांच रिपोर्ट से प्रमाणित नहीं हुआ है ।

(जांच रिपोर्ट विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

विधान सभा क्षेत्र खारची में प्रस्तावित पर्यटन स्थल

135. श्री केसाराम चौधरी (खारची): क्या पर्यटन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) राज्य में पर्यटन स्थल घोषित करने के क्या मानदण्ड है ? मानदण्डों की प्रति सदन की मेज पर रखें ।

(श्री केसाराम चौधरी)

(2) क्या विधान सभा क्षेत्र खारची में स्थित आचार्य श्री भिक्षु स्थल को पर्यटन स्थल घोषित किया जाना प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) पर्यटन विभाग द्वारा किसी भी पर्यटन स्थल घोषित करने के मानदण्ड निर्धारित नहीं किये जाते हैं। जिन स्थलों स्थलों पर वर्ष पर्यन्त पर्यटकों का आवागमन रहता है, वे स्थल स्वत: पर्यटक स्थल हो जाते है। तत्पश्चात पर्यटन विभाग उस स्थल पर पर्यटकीय सुविधाओं तथा उसके प्रचार-प्रसार को विभागीय योजना में शामिल करता है।

(2) जी, नहीं। विभाग द्वारा किसी भी स्थान को पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया जाता है।

जिला भीलवाड़ा के पर्यटन स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं

136. डा. रतनलाल जाट (सहाड़ा) : क्या पर्यटन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) जिला भीलवाड़ा में ऐतिहासिक महत्व के पुरातात्विक स्थल एवं पर्यटन स्थल कहां-कहां पर हैं ? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो किस-किस स्थल को एवं कब तक ?

(3) क्या उक्त स्थलों पर पेयजल सुविधा, सुलभ काम्पलेक्स, धूप व वर्षा से बजाव हेतु शेड का निर्माण कराने की कोई योजना विचाराधीन है ?

उत्तर

(1) भीलवाड़ा जिले में ऐतिहासिक महत्व के पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों की सूची परिशिष्ट "क" संलग्न है।

(2) वर्तमान में कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

(3) जी, नहीं। वर्तमान में कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

परिशिष्ट-"क"

भीलवाड़ा जिले में राज्य सरकार द्वारा संरक्षित पुरातात्विक महत्व के स्मारक

क्र. सं.	स्मारक का नाम	स्थान
1	2	3
1.	मीनार (प्रहरी स्तम्भ)	मण्डल
2.	छतरी (बत्तीस खम्भों की छतरी)	मण्डल

1	2	3
3.	प्रतिमायुक्त शीतला मन्दिर	घट्टनोप
4.	विष्णु मन्दिर	घोड़
5.	रूठी रानी का मन्दिर	घोड़
6.	स्व. श्री केसरीसिंह बारहठ का भवन (श्रीमती नम्रदा देवी पत्नी श्री आत्मानन्द मानव के कब्जे में)	शाहपुरा में जैन मन्दिर से लगा हुआ तथा चारभुजा मन्दिर के नजदीक नगरपालिका शाहपुरा संख्या 9/346

भीलवाड़ा जिले में केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित पुरातात्विक महत्व के स्मारक

1.	माहकाल व अन्य दो मन्दिर	बिजोलिया
2.	शिलालेख (17वीं शति)	बिजोलिया
3.	शिलालेख (पार्श्वनाथ मन्दिर परिसर में) 12वीं शति	बिजोलिया
4.	प्राचीन मन्दिर (कनेट की पुतली)	खादीपुर

भीलवाड़ा जिले में महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल

1. मण्डलगढ़ किला
2. मेनाल
3. बिजोलिया
4. भीमलत
5. तिलस्वा महादेव मन्दिर

जिला भीलवाड़ा में संचालित योजनाओं का मूल्यांकन

137. श्री रतनलाल जाट (सहाड़ा) : क्या महिला बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) जिला भीलवाड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग की कौन-कौनसी योजनाएं संचालित हैं ? वर्ष 1995–2000 तक गत पांच वर्षों में कितनी-कितनी राशि किस-किस योजना तथा किन-किन प्रवृत्तियों पर व्यय की गई ?

(2) क्या उक्त योजनाओं का कभी भौतिक मूल्यांकन भी करवाया गया है ? यदि हां, तो क्या परिणाम रहे हैं ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जिला भीलवाड़ा में बाल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 बाल विकास परियोजनाएं एवं महिला विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला महिला विकास अभिकरण संचालित है इनमें से 3 बाल विकास परियोजनाएं वर्ष 1999–2000 में ही स्वीकृत की गई हैं।

वर्ष 1995-2000 तक व्यय धनराशि का विवरण निम्नानुसार है

1- बाल विकास कार्यक्रम (राशि लाखों में)

क्र सं.	वर्ष	आयोजना व्यय	आयोजना भिन्न व्यय	सीएसएस	योग
1	2	3	4	5	6
1.	1995-96	4.28	47.45	91.17	142.90
2.	1996-97	18.64	—	133.75	152.39
3.	1997-98	19.07	—	157.03	176.10
4.	1998-99	16.54	—	198.14	214.68
5.	1999-2000 (2/2000 तक)	15.59	—	158.82	174.41
	योग :-	74.12	47.45	738.91	860.48

2- महिला विकास कार्यक्रम

क्र. सं.	योजना का नाम	व्यय की गई राशि (लाखों रुपये में)				
		95-96	96-97	97-98	98-99	99-2000
1	2	3	4	5	6	7
1.	महिला विकास कार्यक्रम (सामान्य)	15.08	19.34	18.26	22.28	14.88
2.	किशोर बालिका योजना	0.68	1.92	0.96	2.58	1.68
3.	महिला राजगीर योजना	0.20	—	—	0.14	0.95
4.	स्वयं सहायता समूह	—	—	—	0.16	1.17
5.	सामूहिक विवाह अनुदान	—	—	8.30	—	—
6.	यू.एन.एफ.पी.ए.	—	1.74	—	—	1.79
7.	जिला महिला सहायता समिति	—	—	—	0.06	0.02
8.	महिला चेतना योजना	—	—	—	—	—
9.	महिला समृद्धि योजना	—	—	—	1.00	—
	योग	15.96	23.00	19.52	26.22	20.49

(2) समेकित बाल विकास कार्यक्रम तथा महिला विकास कार्यक्रम का मूल्यांकन राज्य सरकार के मूल्यांकन संगठन से करवाया गया है । जिसका विवरण क्रमश: परिशिष्ट "अ", "ब" पर संलग्न है ।

(विवरण विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखा गया)

जनजाति क्षेत्र में महाराष्ट्र प्रणाली में प्रभाव

138. **डा. किरोड़ीलाल** (बामनवास) : क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) जनजाति क्षेत्रीय विकास हेतु राज्य सरकार ने महाराष्ट्र प्रणाली लागू की है ? उसका प्रारूप क्या है ? प्रारूप की प्रति तथा केबिनेट में किये गये फैसले की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) महाराष्ट्र प्रणाली लागू कर दिए जाने के बाद अनुसूचित जनजाति/आदिवासियों के हित में क्या क्या परिणाम आये हैं ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में महाराष्ट्र प्रणाली अपनाये जाने के संबंध में जारी दिशा निर्देश तथा केबीनेट में किये गये फैसले की प्रतियां क्रमशः परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट–2 पर संलग्न है।

(2) जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में महाराष्ट्र प्रणाली का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2000–2001 से किया जावेगा। तत्पश्चात ही अनु. जनजातियों/आदिवासियों के हितों के परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

(प्रति विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गयी)

ग्राम भंवरकी (पंचायत समिति बामनवास) की स्वीकृत सड़क

139. **श्री किरोड़ीलाल** (बामनवास) : क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) क्या यह सही है कि ग्रामीण विशिष्ट योजनान्तर्गत पंचायत समिति बामनवास के ग्राम भंवरकी हेतु करीबन 26 लाख रु. की सड़क की स्वीकृति जारी की गई थी ? यदि हां, तो स्वीकृत पत्र की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि खुर्रीमाता दौसा जिला सीमा से भंवरकी वाया नारोली चौड़ का सर्वे भी हो चुका है ? यदि हां, तो अभी तक निर्माण कार्य क्यों नहीं चालू किया गया ?

उत्तर

(1) जी, हां। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सवाईमाधोपुर के पत्रांक एफ 26( ) सुरो/सड़क सैक्ट/96/2537 दिनांक 4.1.97 के सिफारिश के आधार पर इस विभाग के पत्रांक एफ 4 (20) वियोस/सुरोयो.स.माधोपुर/94/1022-23 दिनांक 15.2.97 द्वारा पंचायत समिति बामनवास के ग्राम भंवरकी हेतु रु. 29.30 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सवाईमाधोपुर का पत्र दिनांक 4.1.97 परिशिष्ट–"अ" पर एवं इस विभाग द्वारा जारी स्वीकृति की फोटो प्रति परिशिष्ट–"ब" पर संलग्न कर प्रस्तुत है।

(2) जी, नहीं। खुर्री माता दौसा जिला सीमा से भंवरकी वाया नारोली चोड़ सड़क का सर्वे नहीं हुआ है।

डामरीकरण कार्य भी पी.डब्ल्यू.डी. विभाग उनके स्वयं के संसाधनों से किया जावेगा ।

4– कार्यों का सम्पादन किसी भी प्रकार से ठेकेदारों के माध्यम से नहीं करवाया जावेगा ।

5– योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित रोजगार की मार्गदर्शिका एवं समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार किया जावेगा ।

ह./–
उप शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1– जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जि ग्रा वि. अभिकरण, सवाई माधोपुर ।

2– परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि अभिकरण, सवाई माधोपुर ।

ह./–
उप शासन सचिव

सांगानेर एयर पोर्ट के लिए भूमि अवाप्त प्रकरण

140 श्री रामस्वरूप (टोडाभीम) : क्या नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :–

(1) सांगानेर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए कुल कितनी भूमि की आवश्यकता थी और उसमें से कितनी भूमि अब तक किस-किस स्थानों से अवाप्त की जा चुकी हैं ? वर्ष 2000–2001 में किन-किन स्थानों से अब और कितनी भूमि अवाप्त किये जाने का विचार है ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(2) क्या यह सही है कि सरकार ने सांगानेर एवं जगतपुरा में बसी आवासीय कालोनियों को वर्ष 2000-2001 में अवाप्त करने का निर्णय किया है ? यदि हां, तो किस-किस कालोनी की कितनी भूमि अवाप्त की जानी है ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(3) क्या यह भी सही है कि सरकार ने और भूमि अवाप्ति करने हेतु सीमा की चकबन्दी की है ? यदि हां, तो चकबन्दी एरिया में कौन से गांव एवं आवासीय कालोनी चिन्हित की गई तथा उक्त भूमि को अवाप्ति करने हेतु अब क्या किया जा रहा है, विवरण सदन की मेज पर रखें ।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने के लिये और क्या-क्या सुविधा हेतु सांगानेर एवं जगतपुरा क्षेत्र के किसानों की जमीनें अवाप्ति करने का विचार है ? विवरण सदन की मेज पर रखें ।

उत्तर

(1) सांगानेर एयरपोर्ट को अन्तर-राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिये 483 बीघा 13 बिस्वा भूमि अवाप्त की गई है जिसका

(राज्य मंत्री नागरिक उड्डयन)

अवार्ड दिनांक 6.4.95 एवं 7.8.95 को को जारी किया जा चुका है। अवाप्त की गई ग्रामवार भूमि निम्न अनुसार है :---

ग्राम का नाम	रकबा बीघा
1. बुद्धसिंहपुरा	96·01
2. मनोहरपुरा	79·08
3. टीलावाला	47·05
4. वाढटीलावाला	77·07
5. जगतपुरा	2·04
6. खोखावास	12·18
7. सूरजपुरा घाटी	29·11
8. सवाई गेटोर	138·19
कुल	483·13

वर्ष 2000-2001 में किन-किन स्थानों से कितनी-कितनी भूमि अवाप्त की जानी है इसके बारे में विमानपत्तन प्राधिकरण से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।

(2) वर्ष 2000-2001 में सांगानेर एवं जगतपुरा में बसी आवासीय कालोनियों की भूमि अवाप्ति के कोई प्रस्ताव विमान पत्तन प्राधिकरण से प्राप्त नहीं हुए हैं।

(3) और भूमि अवाप्ति हेतु किसी भी ग्राम एवं आवासीय कालोनी में भूमि की चकबन्दी एवं भूमि चिन्हित करने बाबत विमान पत्तन प्राधिकरण से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।

(4) भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कालेज जोधपुर में मूलभूत सुविधायें

141. श्री कन्हैयालाल (बस्सी) : क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :--

(1) राज्य में ऐसे कितने विश्वविद्यालय एवं कालेज हैं जिनमें छात्रों के अनुपात में मूलभूत सुविधाएं फर्नीचर, कुर्सी/टेबिल, पुस्तकें समय-समय पर उपलब्ध नहीं हो रहीं है ? उक्त विश्वविद्यालयों के नाम एवं कॉलेजों के नाम सदन की मेज पर रखें।

(2) जोधपुर एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्ष 1998-1999 में कुल कितना बजट आवंटित किया गया उसमें से कितनी राशि किन-किन मदों पर व्यय की गई और कितनी राशि प्रयोगशाला पर व्यय की गई ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावासों में छात्रों को पीने का पानी, फर्नीचर, अध्ययन टेबिल, कुर्सी, बुक रेक, पलंग, विद्युत व्यवस्था तथा भवनों की रंगाई पुताई की कोई व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की गई है ? यदि हां, तो क्यों ? क्या सरकार उक्त व्यवस्था में सुधार करने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक ?

(4) क्या यह सही है कि जोधपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों को पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तकें भी उपलब्ध नहीं है ? यदि हां, तो क्यों ?

(5) क्या सरकार उक्त छात्रों को पुस्तकें पुस्तकालय से उपलब्ध करवाने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक ?

उत्तर

(1) प्राय: सभी महाविद्यालयों में छात्रों के बढ़ते प्रवेश, दबाव, नवीन वर्गों को प्रारम्भ करने एवं सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण मूलभूत सुविधाओं की कमी है ।

(2) एम. बी. एम. इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जोधपुर को वर्ष 1998–99 में राज्य सरकार द्वारा रुपये 493.95 लाख आवंटित किये गये, जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैं :–

(1)	वेतन	470.00 लाख
(2)	कन्टीजेन्सी	23.35 लाख
(3)	कच्चा माल व अन्य (प्रयोगशालाओं के लिये)	3.96 लाख

प्रयोगशालाओं के लिए उपकरण मद में रुपये 1.00 लाख व्यय किये गये हैं ।

(3) जी नहीं । सुविधायें उपलब्ध कराना वित्त की उपलब्धता पर निर्भर करता है । वित्तीय सीमितता के बावजूद भी अधिकतर छात्रावासों में पीने का पानी, अध्ययन हेतु टेबिल कुर्सी, पुस्तकें व अन्य सामग्री हेतु दरवाजा लगी हुई अलमारी, सोने के लिये पलंग, विद्युत व्यवस्था नियमित रूप से उपलब्ध करवायी जाती है ।

रंगाई पुताई का कार्य, मरम्मत हर तीन साल में करवाया जाता है ।

(4) जी हां । वित्तीय कठिनाइयों के कारण प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए पुस्तकालय में कुछ नये विषयों की पाठ्य पुस्तकों की संख्या पर्याप्त नहीं है ।

(5) जी हां । पुस्तकालय में बजट की उपलब्धता को देखते हुए प्रति वर्ष नई पुस्तकें खरीदी जाती हैं, जिनका उपयोग छात्र समय-समय पर करते हैं, किन्तु जन सहयोग से व जनप्रतिनिधिगणों के स्वविवेक फण्ड द्वारा पुस्तकालय व छात्रावास विकास व अन्य सुविधाओं में योगदान से इस कमी को पूरा करना अपेक्षित है । छात्रों से विकास शुल्क लेने के बारे में भी यदि सदस्य सहमत हो तो सोचा जा सकता हैं ।

———